दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 127 | सीकर, सोमवार 06 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8




## अमेरिका में आजादी के 250 साल का जश्न

### ट्रम्प बोले- अमेरिका को कम्युनिज्म नहीं चाहिए, हमने इसके खिलाफ दुनियाभर में जंग लड़ी

**वॉशिंगटन डीसी।**

अमेरिका ने शनिवार को आजादी के 250 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस मौके पर देशभर में भव्य समारोह आयोजित किए।

मुख्य कार्यक्रम वॉशिंगटन डीसी के नेशनल मॉल में हुआ, जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। बारिश और आंधी-तूफान के कारण कार्यक्रम में देरी हुई, लेकिन मौसम साफ होने के बाद समारोह शुरू हुआ।

अपने संबोधन में ट्रम्प ने कम्युनिज्म पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, हम अपने देश में कम्युनिस्टों को नहीं चाहते। कम्युनिज्म हमेशा हारता आया है और आगे भी हारेगा। यह अमेरिकी व्यवस्था के बिल्कुल विपरीत है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों ने दुनिया भर में कम्युनिज्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी, ताकि यह विचारधारा कभी अमेरिका के भीतर जगह न बना सके।

भाषण के बाद नेशनल मॉल में करीब 40 मिनट तक रिकॉर्ड आतिशबाजी हुई। इस दौरान 8.5 लाख से ज्यादा फायरवर्क्स हुए। व्हाइट हाउस ने इसे अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा स्वतंत्रता दिवस फायरवर्क शो बताया।

## मुख्यमंत्री ने ली सहकारिता विभाग की बैठक

# राज्य सरकार कर रही 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार : मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण समृद्धि और रोजगार सृजन का प्रभावी माध्यम है। इससे किसानों, पशुपालकों, युवाओं और ग्रामीण परिवारों के लिए नए अवसर सृजित होते हैं तथा गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सहकारिता के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को धरातल पर उतारते हुए राज्य सरकार सहकारी संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर सहकारिता विभाग की आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सहकारिता विभाग द्वारा निर्मित गोदामों का समुचित एवं अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सहकारिता के दायरे को नई गतिविधियों तक विस्तारित करते हुए नवाचारों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने सहकारी मॉडल आधारित 'भारत टैक्सी' पहल को प्रदेश में बढ़ावा देने तथा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए।

**देशभर में गूंजेगी राजस्थान की सहकारिता मॉडल की सफलता**–उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में सोमवार (6 जुलाई) को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय का 5वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित होगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय मंच के माध्यम से राजस्थान के सहकारिता मॉडल के नवाचार, सुधार एवं ऐतिहासिक उपलब्धियां देशभर में गूंजेगी तथा इससे प्रदेश को नई पहचान भी मिलेगी।

### सहकारी संस्थाओं के डिजिटलीकरण में राजस्थान अग्रणी प्रदेश –

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने सहकारिता के क्षेत्र में अनेक राष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल करते हुए देश में अग्रणी राज्य के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत राज्य में 200 गोदाम स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 120 का निर्माण पूर्ण हो चुका है। राजस्थान इस योजना के क्रियान्वयन में देश में प्रथम स्थान पर है। इसी प्रकार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता दिलाने, नई बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों के गठन, ई-पैक्स के कम्प्यूटरीकरण तथा 10 करोड़ से अधिक ईआरपी ट्रांजेक्शन के माध्यम से सहकारी संस्थाओं के डिजिटलीकरण में भी राजस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। राज्य की पैक्स आज कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, किसान उत्पादक संगठन जैसी बहु-सेवाएं संचालित कर ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा वितरण का प्रभावी मॉडल बन चुकी हैं।

### सहकार परिवार को हो रहा विस्तार, 8.90 लाख नए सदस्य जुड़े –

राजस्थान ने सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए मजबूत कदम उठाए हैं। राजस्थान में किसान सम्मान निधि, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना एवं रिस्क रीलीफ फंड स्कीम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी तरह वर्ष 2025-26 में सहकारी बैंकों एवं पैक्स द्वारा वितरित फसली ऋणों की 97.48 प्रतिशत वसूली एवं राजफेड द्वारा समर्थन मूल्य खरीद में प्रभावी भुगतान प्रणाली लागू कर किसानों को भुगतान की अवधि 15 दिनों से घटाकर मात्र 4-5 दिन किए जाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया है। सहकार सदस्यता अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में 8.90 लाख  नए सदस्यों को सहकारिता से जोड़ा गया। गौरतलब है कि राजस्थान को सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस के राष्ट्रीय समारोह में आमंत्रित किया गया है। बैठक में सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित मुख्यमंत्री कार्यालय, वित्त एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीओके में प्रदर्शनकारियों पर पाक फोर्स ने बरसाई गोलियां

### एक की मौत और कई घायल; मैदान में जुटे थे 40 हजार लोग

**नई दिल्ली**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से एक बड़ी खबर सामने आई है. यहां पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी फोर्स की ओर से जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के शांतिपूर्ण प्रदर्शन रैली पर अंधाधुंध फायरिंग की गई. जेएएसी ने यहां तक दावा किया है कि इस प्रदर्शन में कम से कम 40 हजार लोग मौजूद थे.  दरअसल, जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी ने बताया कि अब्बासपुर के सरदार गुलाम हुसैन खान स्पोर्ट्स स्टेडियम में करीब 40 हजार लोग उपस्थित थे और वह शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे. इसी दौरान पाकिस्तानी फोर्स ने लोगों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी.

### गोलीबारी में कई लोग घायल

जेएएसी ने आरोप लगाया कि डुडियाल के एएमबी इलाके में शांतिपूर्ण प्रदर्शन चल रहा था. इसी दौरान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बिना किसी ठोस कारण के ही गोलीबारी शुरू कर दी. इसमें कई लोग घायल हुए हैं.

हालांकि, घायलों की वास्तविक संख्या अभी बाहर नहीं आ सकी है. वहीं, इस घटना पर अभी पाकिस्तानी प्रशासन की ओर से भी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.



### शहबाज सरकार के खिलाफ जारी था प्रदर्शन

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, जेएएसी ने एक बयान में कहा कि प्रदर्शन पाकिस्तान सरकार के खिलाफ है. जेएएसी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी, प्रशासनिक विफलताओं और बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर चल रहा है. जेएएसी की ओर से गिरफ्तार किए गए नेताओं और कार्यकर्ताओं को तुरंत छोड़ने की मांग की जा रही है.

### शहबाज सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में उमड़ी भीड़

पीओके में चल रहे इस प्रदर्शन में भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा है. सबसे खास बात है कि इस प्रदर्शन में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों की भी अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है. विरोध कर रहे संगठन का दावा है कि रावलकोट और चक की महिलाएं भी सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रही हैं. संगठन ने दावा किया कि प्रशासन के दबाव के बावजूद कोई भी पीछे नहीं हट रहा है.

## जम्मू-कश्मीर में 2 लश्कर आतंकी मारे गए

### एक पहलगाम हमले के बाद बनी हिट लिस्ट में शामिल था

**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां के सैदपोरा इलाके में शनिवार शाम से चल रही मुठभेड़ में भारतीय सेना के जवानों ने लश्कर के 2 आतंकी मार गिराए। मारे गए दोनों आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप ऑपरेटिव थे। एक आतंकी जाकिर अहमद गनी उन 14 आतंकियों की लिस्ट में शामिल था, जिसे पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने जारी किया था। दूसरा आतंकी जाकिर का साथी लतीफ भट है। सुरक्षाबलों को शोपियां के सैदपोरा पायीन के पास छानपोरा इलाके में आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। घेराबंदी के दौरान जब जवान आतंकियों के ठिकाने के करीब पहुंचे तो उन्होंने फायरिंग कर दी। मुठभेड़ 4 जुलाई की शाम 7:45 बजे शुरू हुई थी। अंधेरे के कारण एनकाउंटर और सर्च ऑपरेशन रात में रोक दिया गया था।

## ब्रिक्स महिला कार्य समूह की बैठक 6-7 जुलाई को कोच्चि में

**नई दिल्ली।**

भारत इस वर्ष ब्रिक्स की अपनी अध्यक्षता में 6-7 जुलाई 2026 को केरल के कोच्चि में ब्रिक्स महिला कार्य समूह (डब्ल्यूडब्ल्यूजी) की बैठक की मेजबानी करेगा। ब्रिक्स वैश्विक आबादी के लगभग 49.5 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। इसके भीतर, महिलाओं का राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास हर क्षेत्र में परिणामों को प्रभावित करता है, जिससे ब्रिक्स 2026 में महिला ट्रैक एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ट्रैक बन जाता है।

महिला कार्य समूह की बैठक सदस्य देशों को विचार-विमर्श करने और महिला नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने के लिए आम सहमति बनाने का अवसर प्रदान करेगी।

वहीं, ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सभी क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और महिला नेतृत्व वाले विकास से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और साझा प्राथमिकताओं पर सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ आएंगे।

## मुस्लिम देश में 47 मीटर ऊंचा मंदिर! यूनेस्को ने कहा वैश्विक धरोहर; पीएम मोदी करेंगे दौरा

**नई दिल्ली**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 जुलाई से इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के छह दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं. अपने इस दौरे के पहले चरण में पीएम मोदी 6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया में रहेंगे. भारत और इंडोनेशिया ने मई 2018 में तय किया था कि वे एक दूसरे के बहुत खास दोस्त बनकर काम करेंगे.  उस बड़े फैसले के बाद, पीएम मोदी पहली बार खास तौर पर इंडोनेशिया की सरकारी यात्रा पर जा रहे हैं. अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जकार्ता में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ खास आपसी बातचीत करेंगे.  इसके साथ ही वे जकार्ता में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे. लेकिन इस पूरे दौरे में सबसे ज्यादा चर्चा इंडोनेशिया के योग्याकार्ता में स्थित ऐतिहासिक प्रम्बानान मंदिर परिसर की हो रही है, जहां पीएम मोदी जाने वाले हैं. आज हम उस मंदिर के बारे में डिटेल से बताएंगे.



### प्रम्बानान मंदिर का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व

प्रम्बानान मंदिर सिर्फ एक इमारत नहीं है, बल्कि यह भारत और इंडोनेशिया के सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों का जीता जागता सबूत है. इंडोनेशिया के योग्याकार्ता में स्थित ये मंदिर नौवीं शताब्दी का बना हुआ है.  ये पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में भगवान शिव को समर्पित सबसे बड़ा और भव्य हिंदू मंदिर परिसर है. इस मंदिर की अद्भुत बनावट को देखते हुए यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है. जब पीएम मोदी यहां कदम रखेंगे, तो ये दोनों देशों के साझा इतिहास को एक नई मजबूती देगा. इस मंदिर की दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियां आज भी सैलानियों को हैरान कर देती हैं.

### त्रिमूर्ति को समर्पित वास्तुकला का बेजोड़ नमूना

इस ऐतिहासिक मंदिर की सबसे बड़ी खासियत इसकी बनावट और इसके पीछे की धार्मिक मान्यता है. मुख्य मंदिर परिसर में तीन सबसे बड़े मंदिर हैं, जो हिंदू धर्म के त्रिमूर्ति यानी भगवान शिव, भगवान विष्णु और भगवान ब्रह्मा को समर्पित हैं.

इन तीनों में भी सबसे ऊंचा और विशाल मंदिर भगवान शिव का है, जिसकी ऊंचाई लगभग 47 मीटर है. शिव मंदिर के अंदर महादेव की एक बहुत ही भव्य मूर्ति स्थापित है.

इसके साथ ही इस परिसर में त्रिमूर्ति के वाहनों यानी नंदी, गरुड़ और हंस के लिए भी अलग से तीन मंदिर बनाए गए हैं. इस पूरे परिसर को देखना किसी दिव्य लोक की यात्रा करने जैसा महसूस होता है.

## कोबरी-सार



## शहरी निकायों में वार्डवार आयोजित होंगे शहरी सेवा शिविर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के सभी नगरनिकायों में वार्डवार शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 07 जुलाई को चूरू नगरपरिषद परिसर में वार्ड संख्या 41 से 44, 09 जुलाई को वार्ड संख्या 45 से 48 तथा 10 जुलाई को वार्ड संख्या 49 से 52 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। सुजानगढ़ नगरपरिषद कार्यालय में 06 जुलाई को वार्ड संख्या 43,44 व 45, 07 जुलाई को वार्ड संख्या 46,47 व 48, 08 जुलाई को वार्ड संख्या 49,50 व 51, 09 जुलाई को वार्ड संख्या 52, 53 व 54 एवं 10 जुलाई को वार्ड संख्या 55 व 56 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। सरदारशहर नगरपरिषद में टाउन हॉल में 06 जुलाई को वार्ड संख्या 39,40 व 41, 07 जुलाई को वार्ड संख्या 42 व 43, 08 जुलाई को वार्ड संख्या 44 व 45, 09 जुलाई को वार्ड संख्या 46 व 47 तथा 10 जुलाई को वार्ड संख्या 48 व 49 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार बीदासर नगरपालिका कार्यालय में 06 जुलाई को वार्ड संख्या 28, 07 जुलाई को वार्ड संख्या 29, 08 जुलाई को वार्ड संख्या 30, 09 जुलाई को वार्ड संख्या 31 व 10 जुलाई को वार्ड संख्या 32 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। तारानगर नगरपालिका परिसर में 06 जुलाई को वार्ड संख्या 27, 07 जुलाई को वार्ड संख्या 28, 08 जुलाई को वार्ड संख्या 29, 09 जुलाई को वार्ड संख्या 30, 10 जुलाई को वार्ड संख्या 31 तथा 11 जुलाई को वार्ड संख्या 32 में शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। रतननगर नगरपालिका कार्यालय में 06 जुलाई को वार्ड संख्या 13 से 14, 07 से 09 जुलाई को वार्ड संख्या 15 से 16 तथा 10 जुलाई को वार्ड संख्या 17 से 18 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। छापर नगरपालिका मीटिंग हॉल में 06 जुलाई को वार्ड संख्या 17, 07 जुलाई को वार्ड संख्या 18 व 19, 08 जुलाई को वार्ड संख्या 20 व 21, 09 जुलाई को वार्ड संख्या 22 व 23 तथा 10 जुलाई को वार्ड संख्या 24 व 25 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। साहवा नगरपालिका कार्यालय में 06 जुलाई को वार्ड संख्या 19, 07 जुलाई को वार्ड संख्या 20, 08 जुलाई को वार्ड संख्या 01 से 03, 09 जुलाई को वार्ड संख्या 4 से 6, 10 जुलाई को वार्ड संख्या 07 से 09 एवं 11 जुलाई को वार्ड संख्या 10 से 12 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। राजलदेसर नगरपालिका कार्यालय परिसर 06 जुलाई को वार्ड संख्या 1 से 5, 07 जुलाई को वार्ड संख्या 6 से 10, 08 जुलाई को वार्ड संख्या 11 से 15, 09 जुलाई को वार्ड संख्या 16 से 20 और 10 जुलाई को वार्ड संख्या 21 से 25 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। रतनगढ़ नगरपालिका टाउन हॉल में 06 व 07 जुलाई को वार्ड संख्या 31, 32, 33, 34 व 35, 08 व 09 जुलाई को वार्ड संख्या 36, 37, 38, 39, व 40 तथा 10 जुलाई को वार्ड संख्या 41, 42, 43, 44 व 45 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। राजगढ़ नगरपालिका परिसर में 06 व 07 जुलाई को वार्ड संख्या 26 से 30, 08 जुलाई को वार्ड संख्या 31 से 35 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## जिले में विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के सभी ब्लॉकों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि 06 जुलाई को चूरू उपखंड की लालासर बणी व भामासी, राजगढ़ उपखंड की सिद्धमुख व नवा, रतनगढ़ उपखंड की बच्छरारा बड़ा, सरदारशहर उपखंड की जैतासर व बन्धनाउ उतरादा, बीदासर उपखंड की सारंगसर तथा सुजानगढ़ उपखंड की शोभासर व मालासी ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 07 जुलाई को चूरू उपखंड की बूंटिया व कड़वासर, राजगढ़ उपखंड की हमीरवास व गागडवास, रतनगढ़ उपखंड की भावनदेसर, सरदारशहर उपखंड की मेहरासर उतरादा व भोजूसर उपाधियान, बीदासर उपखंड की घंटियाल बड़ी तथा सुजानगढ़ उपखंड की राजियासर ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इसी प्रकार 08 जुलाई को चूरू उपखंड की इन्द्रपुरा व चलकोई बणी, राजगढ़ उपखंड की भैसली व न्यांगल छोटी, रतनगढ़ उपखंड की सिमसिया व जेगणिया बिदावतान, सरदारशहर उपखंड की जयसंगसर व रायपुरा, तारानगर उपखंड की सात्यू व ढाणी कुम्हारान, बीदासर उपखंड की पारेवड़ा तथा सुजानगढ़ उपखंड की सालासर व नोरंगसर ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 09 जुलाई को चूरू उपखंड की झारिया व खींवासर, राजगढ़ उपखंड की ढाणी बड़ी व रतनपुरा, रतनगढ़ उपखंड की परसनेउ व आलसर, सरदारशहर उपखंड की रातुसर व उडसर लोडेरा, तारानगर उपखंड की अलायला व मिखाला, बीदासर उपखंड की कल्याणसर तथा सुजानगढ़ उपखंड की लोढसर व मलसीसर ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 10 जुलाई को चूरू उपखंड की आसलखेडी व कोटवाद ताल, राजगढ़ उपखंड की भीमसाना व ढंढाल लेखू, रतनगढ़ उपखंड की लाछडसर, सरदारशहर उपखंड की आसपालसर बड़ा व शिमला, बीदासर उपखंड की चाड़वास व तेहनदेसर तथा सुजानगढ़ उपखंड की कानूता ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# टीम आवर फॉर नेशन ने खेजड़ली उत्सव में किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** टीम आवर फॉर नेशन ने आज प्रातः 7 बजे बीकानेर वैचारिक जागरण मंच द्वारा सुजानदेसर स्थित गंगाशहर-भीनासर गोचर क्षेत्र में आयोजित खेजड़ली उत्सव-2026 में उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस ऐतिहासिक अभियान में बीकानेर की अनेक सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ हजारों नागरिकों तथा शहर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान 11 हजार खेजड़ी पौधों का रोपण किया गया। 363 महिलाओं ने पारंपरिक नगाड़ों की मंगलध्वनि के बीच पौधारोपण कर कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान कीए वहीं 22 अलग-अलग ब्लॉकों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा सामूहिक पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल, पद्मश्री लक्ष्मण सिंह लापोड़िया एवं पद्मश्री हिम्मतराम भांभू की प्रेरणादायी उपस्थिति रही। संत समाज से स्वामी विमर्शानंद महाराज, महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज एवं स्वामी रामेश्वरानंद महाराज, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा विधायक विश्वनाथ मेघवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बीकानेर वैचारिक जागरण मंच के अध्यक्ष अजय कुमार पुरोहित के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य खेजड़ी वृक्षों के संरक्षण, हरित पर्यावरण के संवर्धन तथा जन-जन में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। टीम आवर फॉर नेशन के संस्थापक सीए सुधीश शर्मा ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और नियमित देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने सभी से अधिकाधिक पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण के इस जनआंदोलन से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर सप्ताह कुछ समय राष्ट्र के नाम की भावना के साथ टीम पर्यावरण, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर टीम आवर फॉर नेशन की ओर से चंद्र कला उपाध्याय, पुरुषोत्तम शर्मा, सीए वसीम, सुरभि शर्मा, दीपा सिंह, वंदना शर्मा, रामहंस मीना, शक्ति सिंह, अरविंद चौधरी, बृजेन्द्र त्रिपाठी, बसंत, देव किशन, रमेश उपाध्याय, डॉ. फारूक, मो. हसन, सीए सुधीश शर्मा एवं सुशील यादव ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सामूहिक जनभागीदारी का संकल्प है।

# अपना घर आश्रम नोखा की मानव सेवा बनी एक परिवार की खुशियों का कारण

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम नोखा में मानव सेवा का एक ऐसा भावुक एवं अविस्मरणीय दृश्य देखने को मिलाए जिसने उपस्थित सभी लोगों की आँखें नम कर दीं। वर्ष 2021 से आश्रम में रह रहे प्रभुजी शरीफ अंसारी का अपने पिता मंसूर मियाँ से लगभग पाँच वर्षों बाद भावपूर्ण मिलन हुआ। इस मिलन ने एक बिछड़े परिवार को फिर से एक कर दिया। जानकारी के अनुसार शरीफ अंसारी वर्ष 2021 में अपने गृह राज्य झारखंड के पाकुड़ जिले से ननिहाल जाने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ता भटककर हजारों किलोमीटर दूर राजस्थान के बीकानेर जिले के नोखा स्थित अपना घर आश्रम पहुँच गए। वे न तो बोल पाते थे और न ही सुन पाते थे, जिसके कारण उनकी पहचान करना और उनके परिजनों तक पहुँचना अत्यंत कठिन हो गया। इसके बावजूद अपना घर आश्रम नोखा ने उनकी सेवा, देखभाल और संरक्षण में कोई कमी नहीं रखी। गत माह आश्रम द्वारा शरीफ अंसारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया। वीडियो देखने के बाद उनके पिता मंसूर मियाँ एवं चाचा ने आश्रम से संपर्क किया। आवश्यक जानकारी और पहचान की पुष्टि के बाद यह स्पष्ट हुआ कि आश्रम में रह रहे प्रभुजी वास्तव में उनके ही पुत्र हैं, जिन्हें परिवार पिछले कई वर्षों से लगातार तलाश रहा था। मंसूर मियाँ ने बताया कि परिवार ने अपने बेटे की खोज में हर संभव प्रयास किए, लेकिन वर्षों तक कोई सफलता नहीं मिली। सोशल मीडिया के माध्यम से अपने पुत्र के सुरक्षित होने का समाचार मिलना उनके लिए किसी चमत्कार से कम नहीं था। आज जब पिता और पुत्र आमने-सामने हुए तो दोनों की आँखों से खुशी के आँसू छलक पड़े। इस भावुक मिलन को देखकर आश्रम परिवार एवं उपस्थित सभी स्वजन भी भावविभोर हो गए। अपने पुत्र को सुरक्षित पाकर मंसूर मियाँ ने भावुक होकर कहा, हमने अपने बेटे को हर जगह ढूँढ़ा, लेकिन कोई पता नहीं चला। आज अपना घर आश्रम नोखा की बदौलत हमारा बेटा हमें सुरक्षित मिल गया। आप लोग वास्तव में भगवान का कार्य कर रहे हैं। असहाय और बिछड़े हुए लोगों को नया जीवन देना तथा उन्हें उनके परिवारों से मिलाना सबसे बड़ी मानव सेवा है। इस अवसर पर अपना घर आश्रम नोखा के सचिव सतीश झंवर ने कहा कि आश्रम का घर वापसी अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अपना घर का अंतिम लक्ष्य प्रत्येक प्रभुजी को यथासंभव उनके अपने परिवार तक सुरक्षित पहुँचाना है। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी कोई निराश्रित, असहाय, मानसिक रूप से अस्वस्थ अथवा बिछड़ा हुआ व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत अपना घर आश्रम नोखा हेल्पलाइन-8764396818 पर सूचना दें, ताकि उसे समय पर संरक्षण और उपचार मिल सके तथा उसके परिवार से मिलाने का प्रयास किया जा सके। सतीश झंवर ने यह भी कहा कि अधिक से अधिक नागरिक अपना घर आश्रम आकर प्रभुजनों से मिलें। हमारा थोड़ा-सा समय, स्नेह और अपनापन किसी के जीवन में नई उम्मीद, नई मुस्कान और परिवार से पुनर्मिलन की खुशी ला सकता है। अपना घर आश्रम नोखा वर्षों से निराश्रित, असहाय, मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं बिछड़े हुए प्रभुजनों की निःस्वार्थ सेवा करते हुए उन्हें उनके परिजनों से मिलाने का पुनीत कार्य कर रहा है। यह भावपूर्ण मिलन मानवता, सेवा, संवेदना और समर्पण का एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया।

## खेतड़ी विधानसभा के चारों मंडलों की संयुक्त बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों की संयुक्त बैठक जिला मंत्री निखिल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पालिका अध्यक्ष विजेश शाह, भाजपा जिला प्रवक्ता शेर सिंह निर्वाण तथा एडवोकेट रोहतास मनकस ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में प्रत्येक माह कम से कम एक सामूहिक बैठक आयोजित करने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन किया जाए और उनकी फोटो व वीडियो समय पर प्रदेश मुख्यालय तक भेजी जाए। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा बूथ स्तर तक संगठन विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत संगठन के बल पर ही पार्टी की नीतियों और योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। बैठक का समापन संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

इस मौके पर शहर मंडल अध्यक्ष ज्योति भारद्वाज, जसरापुर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र काजला, मेहाड़ा मंडल अध्यक्ष प्रभु राजोता, महामंत्री नगेंद्र सोढा राकेश शर्मा, राकेश मान, राशि सैनी, उम्मेद मास्टर, पवन शर्मा, चांद मोहम्मद, प्रमोद स्वामी, डालचंद चचालानी सहित चारों मंडलों के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रिंस लोटस वैली, पिपराली सर्किल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स व इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी, नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन व पर्यावरण संरक्षण, अंतरिक्ष अनुसंधान, जेनेटिक्स व बायोटेक्नोलॉजी, हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, स्वच्छता व मानसिक स्वास्थ्य आदि विषयों पर साइंस मॉडल्स प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रमुख मॉडल्स में सोलर पावर्ड वाटर प्यूरिफिकेशन सिस्टम, सोलर एनर्जी मॉडल, स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, पौधों के स्टार्च से तैयार बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक, विंडमिल तथा वॉल्केनो मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रिंस लोटस वैली प्रबंध निदेशक मनोज ढ़ाका, प्रिंसिपल प्रोमिला यादव, राकेश शेखावत एवं कॉर्डिनेटर्स टीम ने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत मॉडल्स का बारीकी से अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों की साइंटिफिक एप्रोच, इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी की सराहना की एवं विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

# भामाशाह के सहयोग से राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा कक्ष व बरामदे का लोकार्पण

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के गौरीर के स्वतंत्रता सेनानी नेतराम राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में रविवार को भामाशाहों के सहयोग से निर्मित नए कक्षा कक्ष एवं बरामदे का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर थे, जबकि अध्यक्षता भामाशाह नरेश कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने फीता काटकर एवं पट्टिका का अनावरण कर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। विद्यालय में भामाशाह नरेश शर्मा एवं पूनम शर्मा द्वारा करीब 12.50 लाख रुपये की लागत से एक कक्षा कक्ष तथा बरामदे का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम में विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि राजकीय संस्थानों के विकास में भामाशाहों का सहयोग अत्यंत सराहनीय है। समाज के सक्षम लोगों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया योगदान आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण मिलता है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कारवान एवं नैतिक शिक्षा भी दें, ताकि विद्यार्थी जीवन में सफल होने के साथ-साथ अच्छे नागरिक भी बन सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर अपने माता-पिता, विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। भामाशाह नरेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं होता। यदि समाज के सक्षम लोग विद्यालयों के विकास में आगे आएं तो सरकारी स्कूलों में भी उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग जारी रखने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रशासन ने भामाशाहों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया। स्कूल परिवार ने विश्वास जताया कि नए कक्षा कक्ष एवं बरामदे के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा तथा विद्यालय की आधारभूत सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से विधायक का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस मौके पर सरपंच सपना मान, सनोज मान, प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश शर्मा, मोहनलाल शर्मा, सतीश शर्मा, सुरेंद्र बडेसरा, प्रभू गुर्जर राजोता, दयाराम, रोहिताश, मनीराम, महिपाल, सुरेश, राजपाल, सतीश मान, संतोष कुमार, नरेश कुमार, राधेश्याम, ओमप्रकाश, अजय कुमार, बिहारी लाल, भूराराम, सुरेंद्र काजला, रोहिताश मनकश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# श्यामसुंदर जालान नूआंवाला अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष नियुक्त

## लगातार चौथी बार जिलाध्यक्ष बनने पर अग्रवाल समाज में खुशी की लहर

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी श्यामसुंदर जालान नूआंवाला को लगातार चौथी बार झुंझुनू जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिलेभर के अग्रवाल समाज में खुशी का माहौल है। समाज के विभिन्न संगठनों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे उनके लंबे सामाजिक समर्पण, सक्रिय कार्यशैली और संगठन के प्रति निष्ठा का सम्मान बताया।

उल्लेखनीय है कि श्यामसुंदर जालान लगातार इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन ने जिले में सामाजिक एकता, सेवा कार्यों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा दी है। इसी विश्वास को कायम रखते हुए संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर उन्हें झुंझुनू जिले की कमान सौंपी है। नियुक्ति के बाद श्यामसुंदर जालान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, प्रदेश अध्यक्ष अशोक गर्ग, प्रदेश महामंत्री गोपाल अग्रवाल सहित अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है।

उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही झुंझुनू जिला कार्यकारिणी, साथ ही संगठन की युवा इकाई एवं महिला इकाई का भी पुनर्गठन कर उन्हें अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। ताकि समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। श्यामसुंदर जालान ने कहा कि आगामी समय में संगठन का विस्तार जिले के हर गांव और ढाणी तक किया जाएगा। समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने, युवाओं एवं महिलाओं को नेतृत्व में अवसर देने तथा सामाजिक, शैक्षणिक और सेवा गतिविधियों को गति देने पर विशेष ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि जिले के प्रत्येक अग्रवाल परिवार को एक मंच पर लाकर समाज को और अधिक संगठित, सशक्त एवं संस्कारित बनाना है।

समाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सभी के सहयोग से हम सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता की भावना को और मजबूत करेंगे तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। जालान की पुनर्नियुक्ति पर समाज के लोगों ने इसे झुंझुनू के लिए गौरव का विषय बताते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन जिले में नई उपलब्धियां हासिल करेगा और समाजहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा।

श्यामसुंदर जालान नूआंवाला महावीर इंटरनेशनल समेत अन्य कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है।

# खेतड़ी के बाडलवास गांव में जंगली जानवर का आतंक, ग्रामीणों में आक्रोश

निसं



खेतड़ी (नवयत्न)। खेतड़ी उपखंड के बाडलवास गांव में जंगली जानवर का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जंगली जानवर पशुओं के बाड़े में घुसकर मवेशियों का शिकार कर रहा है, जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। जंगली जानवर द्वारा आए दिन की जाने वाली घटनाओं को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से इस संबंध में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों के अनुसार जंगली जानवर अब तक करीब 15 कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है और कई बकरियों को भी मार चुका है। देर शाम को भेड़-बकरियां चरा रहे धंसीराम कोली के मवेशियों पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया, जिसमें एक बकरी घायल हो गई और एक बकरी की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने सुरक्षा की दृष्टि से अपने पशुओं को चराने के लिए बाहर भेजना भी बंद कर दिया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते जंगली जानवर को नहीं पकड़ा गया तो भविष्य में किसी बड़ी जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन तो बना दिया, लेकिन इसमें जंगली जानवरों को रोकने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए। जिसके चलते जंगली जानवर आए दिन आबादी क्षेत्र में आकर पशुओं का शिकार कर रहे हैं। घटना को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल प्रभावी कार्रवाई कर जंगली जानवर को पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आगे कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी वन विभाग की होगी, क्योंकि विभाग को पहले से ही स्थिति की जानकारी दी जा चुकी है।

## श्रीश्याम ज्योति मंडल पाठ का संगीतमय वाचन



निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** शहर के गणगौरी कुएं के पास स्थित सनातन आश्रम में श्रीपीठ महालक्ष्मी धाम के वार्षिक महोत्सव के तहत रविवार को पौराणिक श्रीश्याम ज्योति मंगल पाठ का संगीतमय आयोजन हुआ। वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने श्रीकृष्ण के वरदान से बर्बरीक के श्याम बनने की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से श्याम का ध्यान करने पर श्याम प्रभु सभी पीड़ाओं का नाश करते हैं। उन्होंने कहा कि श्याम को कृष्ण भगवान ने कलयुग के देव के रूप में स्थापित किया। श्याम पाठ के दौरान यजमान ने बालकृष्ण चौरासिया के सानिध्य में देव पूजन किया। इसके बाद कथा व्यास पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी का तिलकार्चन किया गया। मंगल पाठ आयोजन में अरुण शर्मा सेहीकलां, पूर्व पार्षद शिवलाल सैनी, गिरधर गोपाल महमिया, रामनिवास जांगिड़, डॉ जगदीश प्रसाद शर्मा, राजीव व्यास, यादव प्रसाद शर्मा, अशोक हलवाई, विनोद चोरासिया, महेश चंद्र शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, रतिराम राजोरिया, मातुराम पंडित, बंटी सैनी, राजू भगत, श्याम राणा, इंद्र प्रकाश दायमा, महेन्द्र मास्टर सहित गणमान्यजन और काफी महिला श्रद्धालु मौजूद रही। आयोजन के तहत सोमवार को सुबह हवन होगा और सनातन आश्रम स्थित गणेश परिवार, माता महालक्ष्मी और हनुमानजी को विशेष प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। जिसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## लाडनूं में 4 दिन में 92 चालान, 45 हजार रुपये का



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** प्रदेश भर में शुरू हुए राज्यव्यापी विशेष हेलमेट जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान के तहत लाडनूं पुलिस द्वारा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए लगातार नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए चालान काटे जा रहे हैं। थानाधिकारी शिंभू दयाल मीणा ने बताया कि 2 जुलाई से 16 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिछले चार दिनों में हेलमेट नहीं पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने, नो पार्किंग तथा रास्ता अवरुद्ध करने जैसे मामलों में कुल 92 चालान किए गए। इन चालान से 45 हजार रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, मोबाइल का उपयोग नहीं करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। अभियान के दौरान एएसआई चेनाराम, हेड कांस्टेबल विजयकुमार, प्रेमसिंह, कांस्टेबल रामचंद्र, गिरधारी सहित पुलिस जाब्ता तैनात रहा और वाहनों की सघन जांच की गई।

## नोखा में बैंक कैशियर पर एक लाख रुपए के गबन का आरोप

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा के पीपली चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई शाखा के एक कैशियर के खिलाफ ग्राहक की जमा राशि में कथित गड़बड़ी कर एक लाख रुपए के आपराधिक दुर्विनियोग का मामला सामने आया है। बैंक प्रबंधन की ओर से कराई गई आंतरिक जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नोखा पुलिस ने आरोपी कैशियर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक पीपली चौक शाखा के शाखा प्रबंधक शरद गांधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 अप्रैल, 2026 को ग्राहक अनिल लखारा अपने भाई मनोज लखारा के बचत खाते में 2.96 लाख रुपए नकद जमा कराने बैंक पहुंचे थे। आरोप है कि जमा पर्ची में भूलवश 2.96 लाख की जगह 1.96 लाख रुपए अंकित हो गए, जबकि नकद राशि पूरी 2.96 लाख रुपए थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि शाखा में तैनात कैशियर अविनाश वर्मा ने ग्राहक की इस भूल का फायदा उठाते हुए अतिरिक्त एक लाख रुपए न तो खाते में जमा किए और न ही बैंक रिकॉर्ड में दर्ज किए। आरोप है कि उन्होंने राशि का कपटपूर्वक अपने पास रखकर बैंक और ग्राहक दोनों के साथ विश्वासघात किया। शिकायत के अनुसार, 15 अप्रैल को बैंक प्रबंधन ने मामले की आंतरिक जांच कराई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में कथित रूप से सामने आया कि कैशियर ने 500-500 रुपए के छह पैकेट प्राप्त किए थे, जिनमें से दो पैकेट, जिनकी कुल राशि एक लाख रुपए थी, गिनती के दौरान कैश ड्रॉअर में अलग रख दिए गए। बैंक का दावा है कि जांच में मामला सामने आने और पूछताछ के बाद आरोपी ने 18 अप्रैल को उक्त एक लाख रुपए बैंक में जमा करा दिए। बैंक प्रबंधन का कहना है कि बाद में राशि जमा कराने से पहले किया गया कथित कृत्य समाप्त नहीं हो जाता, क्योंकि यह बैंकिंग व्यवस्था में विश्वासघात और आपराधिक दुर्विनियोग का मामला है। नोखा पुलिस ने शाखा प्रबंधक की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## अरावली चेतना संस्थान के साथ मिलकर 25 000 पेड़ पौधे लगाने का है लक्ष्य

निसं



**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** अरावली चेतना संस्थान सेवा उदयपुरवाटी के संयोजक के के सैनी के नेतृत्व में उदयपुरवाटी क्षेत्र में 25000 पेड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है जिसकी शुरुआत उदयपुरवाटी क्षेत्र का गांव किशोरपुरा में पांच प्रजातियों के पेड़ पौधे लगाकर की गई है। अरावली चेतना संस्थान के साथ मिलकर पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ के तहत 25000 पेड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। पेड़ पौधे उदयपुरवाटी क्षेत्र में स्थित मंदिर स्कूल सरकारी प्राइवेट कार्यालय सहित आदि जगह लगाए जाएंगे। पेड़ पौधों की रखरखाव सुरक्षा रखने का भी संकल्प लिया है। हम सब का कर्तव्य है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाया जाए।

# राजलदेसर नगर मंडल की बैठक में आगामी पालिका चुनाव और संगठन मजबूती पर हुआ मंथन

निसं




**राजलदेसर (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी राजलदेसर नगर मंडल की बैठक रविवार को प्रजापति गेस्ट हाउस में नगर अध्यक्ष विष्णु प्रजापत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत माँडण रहे, जबकि जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़, मंडल प्रभारी गिरधारी सिंह राठौड़, जिला प्रवक्ता पवन बोथरा एवं नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत माँडण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह 7 तारीख से पहले मंडल बैठक आयोजित की जाए तथा पार्टी के सभी निर्धारित कार्यक्रम कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी के साथ संपन्न किए जाएं। उन्होंने आगामी नगर पालिका चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं से अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बिना कोई भी नेता नहीं बन सकता। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने, नियमित बैठकों के आयोजन तथा वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन एवं सम्मान पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से हुए यमुना जल समझौते का सबसे अधिक लाभ भविष्य में चूरू जिले के किसानों को मिलेगा। मंडल प्रभारी गिरधारी सिंह राठौड़ ने पार्टी के निर्धारित कार्यक्रमों को समय पर आयोजित करने, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यकर्ताओं को अपना प्रमाण-पत्र प्राप्त करने तथा प्रत्येक माह प्रधानमंत्री के श्मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुनने का आग्रह किया। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम लगाने का भी आह्वान किया। जिला प्रवक्ता पवन बोथरा ने भी संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत ने प्रदेश मंत्री को अब तक किए गए संगठनात्मक कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का भाजपा का दुपट्टा एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

बैठक में भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक अभय सोनी, वरिष्ठ नेता सांवरमल सुथार, घासीराम मेघवाल, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष दीपाराम जाट, पार्षद जयचंद महावर, महामंत्री शीतल प्रकाश खडोलिया, भगवाना राम कुचेरिया, पार्षद पवन प्रजापत, राकेश प्रजापत, अनिल देवड़ा, अनिल दाधीच, पवन मारू, कपिल पारीक, भवानी सैनी, कुलदीप मारू, नानूराम कत्थक, सीताराम मेघवाल, दिनेश मारू, कालूराम प्रजापत, रामावतार पांडे, शिव भगवान सोनी, पड़िहारा मंडल प्रभारी मदन दाधीच, पेफाराम मेघवाल, दुर्गाराम माली, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक बुडानिया का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया का जन्मदिन पूरे विधानसभा क्षेत्र में मानव सेवा व गौ सेवा के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले तारानगर की गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर गोसेवा की वंही इसके बाद भाग्यश्री अनाथ आश्रम में रहने वाले आश्रम प्यारों को भोजन करवाया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे को विधायक बुड़ानिया के जन्मदिन की बधाई दी व बुड़ानिया के स्वस्थ, दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर हरिसिंह बेनीवाल, मानसिंह सैनी, कुंदन सैनी, बाबू हुसैन कुरैशी, जीताराम जांदू, आसिफ चौहान, अर्जुन सैनी, अकरम, असरफ, आरिफतेली, सरीफलुहार, विकास धेतरवाल, पप्पू गोस्वामी, संतलाल नाई सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शहरिया बास से गनोडा मार्ग कीचड़ से हुआ बदहाल, बारिश के पानी में बही सड़क

निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** शहरिया बास के वार्ड संख्या 01 में हाकम अली दौलतखानी के कोने से नजीर खां मलकान के घर तक गनोडा से शहरिया बास को जोड़ने वाली दो साल पूर्व बनाई गई करीब 300 मीटर लंबी सीसी सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। वर्ष 2024 में नगरपालिका द्वारा निर्मित यह सड़क निर्माण के महज छ महीने बाद ही उखड़ गई और बारिश के पानी के साथ बह जाने से अब सड़क पर केवल कंकड़-पत्थर ही नजर आ रहे हैं। वार्डवासी अयूब खान हाथीखानी ने बताया कि सड़क के क्षतिग्रस्त होने के बाद से लगातार नई सड़क के निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक नगरपालिका की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सड़क के टूट जाने से गली में दिनभर पानी भरा रहता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

### छात्रों और नमाजियों का कीचड़ से गुजरना मजबूरी :



वार्ड संख्या एक का यह मुख्य मार्ग आमजन के साथ-साथ विद्यार्थियों और नमाजियों के लिए भी बड़ी समस्या बन गया है। इस गली में दो निजी विद्यालय, एक सरकारी मदरसा और एक मस्जिद स्थित है। बारिश के दिनों में बच्चों, शिक्षकों तथा नमाजियों को कीचड़ और जलभराव के बीच होकर गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत करायाए लेकिन अब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।

## एमएस हॉस्पिटल में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आयोजित



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज व खण्डेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संयोजक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र मीणा ने 20 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में रोगियों की ईसीजी, शुगर जांच और ब्लड प्रेशर जांच भी नि:शुल्क की गई। यह शिविर प्रतिमाह के प्रथम रविवार को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर राजकुमार बिजारणियां, दीपक जाटावत, प्रदीप शर्मा, गोकुल पंचालीवाला, नीरज बिजारणियां, फिजियोथैरेपिस्ट रामस्वरूप यादव, वेदप्रकाश शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## महिला से ठगे दस लाख रुपए

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा के पांचू थाना क्षेत्र में भूत-प्रेत का साया होने का भय दिखाकर महिला से 10 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम कुदसू निवासी गोमती पत्नी स्वर्गीय मनफूल विश्नोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वर्ष 2023 से 2026 के बीच आरोपी छगनाराम पुत्र सादुलाराम जाट निवासी साधुना, तहसील नोखा ने उसे भूत-प्रेत का साया होने की बात कहकर डराया और झांसे में लेकर उसके बैंक खाते से लगभग 10 लाख रुपये अपने खाते में डलवा लिए। परिवादिया का आरोप है कि जब उसने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। मामले में पुलिस थाना पांचू में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## झुंझुनू के देवांश सहित 5 प्रतिभाओं का जयपुर में हुआ सम्मान



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** स्वर्णकार सेवा दल के तत्वावधान में रविवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में स्वर्णकार समाज के प्रदेश स्तर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ जिसमें झुंझुनू के 5 विद्यार्थी शामिल थे। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रतिभाओं को सम्मानित प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। झुंझुनू जिलाध्यक्ष शान्तिकुमार सोनी ने बताया कि संस्था पिछले आठ वर्षों से समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन कर रही है। समारोह में शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। विद्यार्थियों के अलावा समाज के भामाशाह, समाज के वरिष्ठजन तथा अनेक राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों का भी उत्साह वर्धन किया गया।


## वरिष्ठ फिजिशियन डॉ आरपी पारीक आईएम-2026 निजी चिकित्सा सेवा के लिए सम्मानित

निसं



**पिलानी (नवयत्न)।** जयपुर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, राजस्थान द्वारा सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर में आयोजित आईएम, प्राइड 2026 समारोह में पिलानी के वरिष्ठ फिजिशियन एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. पारीक को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा थे। मंच पर आईएम, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा, सचिव डॉ. एन.के. अग्रवाल सहित प्रदेश के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन में प्रदेश भर से लगभग 500 चिकित्सकों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि डॉ. पारीक को पिछले दो वर्षों में एसोसिएशन ऑफफिजिशियन ऑफइंडिया और रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. पारीक के सम्मान पर झुंझुनू के डॉ. जगदेव सिंह, डॉ. अनिल महलावत, डॉ. लालचन्द ढाका, चिड़ावा के डॉ. एल.के. शर्मा, डॉ. प्रकाश शर्मा तथा पिलानी के डॉ. नवीन जैन, डॉ. हरिसिंह सांखला एवं अन्य चिकित्सकों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया। तथा उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की।

## अग्रवाल ने मंदिर में दर्शन कर मांगी प्रदेश के समृद्धि की कामना



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने आज पंचदेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। दर्शन के उपरांत उन्होंने प्रदेश की खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और जन.कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की महामंत्री अरुणा सिहाग, सीए लोकेश अग्रवाल, भाजपा शहर महामंत्री रवि लाम्बा, शहर ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष दीपक स्वामी, सुरेंद्र मोदी, सार्थक मोदी और हिमांशु मोदी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंदिर आगमन पर अतिथियों को मंदिर के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी गई। उन्हें बाबा गंगाराम, भक्त शिरोमणि देवकीनंदन और माता गायत्री देवी के प्रेरणादायी जीवन से अवगत कराया गया। अतिथियों ने मंदिर की धार्मिक महत्ता और आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की। मंदिर ट्रस्ट के मुखिया एवं ट्रस्टी अनिल कुमार मोदी और प्रवीण कुमार मोदी ने अतिथियों का स्वागत किया। ट्रस्ट की ओर से सभी अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों ने अतिथियों का अभिवादन किया।

## गौशाला में श्रमदान कर दिया सेवा और स्वच्छता का संदेश

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** सावन कृपाल रुहानी मिशन, दर्शन आश्रम जाखल के तत्वावधान में रविवार को बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला में श्रमदान कर सेवा कार्य किए। इन्होंने गौशाला परिसर, पौधों के आसपास उगी झाड़ियों व घास तथा गौ चिकित्सा सेवा केंद्र की साफसफाई कर उसे व्यवस्थित किया। आश्रम के अध्यक्ष नत्थूसिंह खेदड़ ने कहा कि मिशन संतमत की शिक्षाओं पर चलते हुए सेवा, सिमरन और सत्संग को जीवन का आधार मानता है। समाज हित के कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो, इसी उद्देश्य से समय-समय पर श्रमदान, पौधरोपण, स्वच्छता एवं जनसेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गौशाला प्रबंधन समिति ने मिशन के सभी सेवादारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों के सहयोग से गौशाला के विकास कार्यों को गति मिलती है। इस अवसर पर विजय कुमावत, मोहन खेदड़, मुकेश खेदड़, पंकज कुमावत, निखिल सिंह, डॉ. युवराज सिंह, रामाकांत कुमावत, विक्रम सिंह, महेंद्र कुमार, मनोज सोनी, टिशू सोनी, अंजलि, प्रीति, खुशी, सुरेश सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

## डॉ कलाम के नाम से विश्व विद्यालय खोलने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ज्ञापन भेजकर महान वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से प्रदेश में एक विश्व विद्यालय खोले जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि डॉ. कलाम साहब ने भारत को खासकर मिशाईल टक्नॉलोजी में नई दिशा दी। इसलिए आने वाले पीढ़ी को इससे प्रेरणा लेने हेतु कम से कम से विश्व विद्यालय उनके नाम से स्थापित कर उनको सच्ची श्रद्धांजली दी जावे।

## सम्पादकीय

# आतंकियों की सूची



केंद्र सरकार ने गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में रह रहे 23 आतंकियों को सूचीबद्ध करके न केवल इन आतंकियों, बल्कि उनके आकाओं अर्थात पाकिस्तानी सेना एवं उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ को यही संदेश दिया कि भारत आतंकवाद को लेकर सख्त है और उसकी उन पर निगाह भी है। जो आतंकी सूचीबद्ध किए गए हैं, उन पर भारत में आतंकी हमले करने, घुसपैठ कराने, हथियार भेजने आदि के आरोप हैं। इनमें से कई भारत में हुए आतंकी हमलों या उनकी साजिश रचने में शामिल रहे हैं। ये सभी जैश, लश्कर, द रेजिस्टेंस फ्रंट और जमात-उद-दावा आदि आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं। इनमें से कुछ जम्मू-कश्मीर के भी हैं।

इसी के साथ यूएपीए के तहत प्रतिबंधित आतंकियों की संख्या 80 पहुंच गई है। चूंकि भारत सरकार ने इन आतंकियों के ठिकानों को भी रेखांकित किया है, इसलिए पाकिस्तान पर इसका कुछ न कुछ असर अवश्य पड़ेगा। हालांकि वह बेशर्मी दिखाएगा और इन आतंकियों की अपनी धरती पर उपस्थिति से इन्कार करेगा, लेकिन इससे उसका काम बनने वाला नहीं है, क्योंकि गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोग ही यह कह रहे हैं कि पाकिस्तान ने कश्मीरियों के हाथों में बंदूकें थमाईं। एक तरह से उसकी पोल उसके ही कब्जे वाले लोग खोल रहे हैं।

23 आतंकियों को प्रतिबंधित करने का भारत सरकार का फैसला एक ऐसे समय आया है, जब पाकिस्तान मानवता और अंतरराष्ट्रीय समझौतों की दुहाई देकर सिंधु जल संधि के स्थगन के खिलाफ शोर मचाने में लगा हुआ है। भारत का फैसला उसे यह आभास कराने वाला है कि वह आतंकवाद को खाद-पानी देकर भारत से नरमी की उम्मीद न करे। यदि पाकिस्तान यह चाहता है कि उसे सिंधु जल समझौते के तहत पानी मिले तो उसे भारत के लिए खतरा बने आतंकियों को पालने-पोसने से बाज आना होगा। उसे यह समझना ही होगा कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। जैश, लश्कर आदि के आतंकियों को प्रतिबंधित करने का निर्णय उन पाकिस्तानियों के साथ भारतीयों को भी संदेश देने वाला है, जिन्होंने पिछले दिनों भारतीय और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से यह आग्रह किया था कि दोनों नेता संबंधों को बहाल करने की दिशा में आगे बढ़ें।

यह आग्रह कितना मूर्खतापूर्ण था, इसे इससे समझा जा सकता है कि किसी ने और यहां तक कि कथित शांति प्रेमी भारतीयों ने भी यह नहीं कहा कि संबंधों को सामान्य करने के लिए यह आवश्यक है कि पाकिस्तान उस आतंकी ढांचे को खत्म करे, जो भारत के लिए खतरा बना हुआ है। चूंकि पाकिस्तान यह काम आसानी से करने वाला नहीं है, इसलिए भारत को उस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के लिए भी सक्रिय होना होगा। यह सक्रियता लगातार बढ़नी चाहिए।

## विशेष आलेख

# मंदिरों के चढ़ावे का उपयोग

**अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना हिंदू समाज को आहत और साथ ही इस मंदिर के ट्रस्ट के प्रति लोगों के भरोसे को चोट पहुंचाने वाली है। फिलहाल यह कहना कठिन है कि कितनी राशि की चोरी की गई और वह कब से जारी थी, लेकिन यह शर्मनाक है कि दान राशि उन्हीं लोगों ने हड़पी, जिन पर उसकी देख-रेख की जिम्मेदारी थी।**



अभी तक इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार कर विशेष जांच दल यानी एसआइटी की ओर से पूछताछ जारी है। मामले की गंभीरता और व्यापकता को देखते हुए एसआइटी की समय सीमा बढ़ा दी गई है। देखना है कि वह तय समय में अपनी जांच पूरी कर पाती है या नहीं?

चूंकि राम मंदिर सदियों की प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद बना, इसलिए उसके उद्घाटन के बाद से ही देश-विदेश के लोग अयोध्या आ रहे थे और हर महीने करोड़ों की दान राशि आ रही थी। इस दान राशि के उपयोग का अधिकार ट्रस्ट के पास है। दान राशि के उपयोग में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं और वह होना भी नहीं चाहिए, लेकिन यह तो सुनिश्चित होना ही चाहिए कि ट्रस्ट उसका उपयोग सही तरह से करे।

जैसे राम मंदिर के लिए एक ट्रस्ट बना है, वैसे ही अन्य प्रमुख मंदिरों के लिए भी है। कुछ मंदिरों में भक्त करोड़ों का दान देते हैं। जहां कुछ मंदिरों के ट्रस्ट में सरकारी अधिकारी भी शामिल होते हैं, वहीं कुछ पूरी तौर पर सरकार की ओर से संचालित होते हैं। ऐसे मंदिरों को मिलने वाले चढ़ावे की राशि का उपयोग सरकारें अपने हिसाब से करती हैं।

इसे लेकर कई बार सवाल उठ चुके हैं कि क्या मंदिरों का चढ़ावा हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार और हिंदू समाज के कल्याण के लिए ही होता है? ऐसे सवाल इसलिए उठते रहे हैं, क्योंकि कई मंदिरों की दान राशि का इस्तेमाल हिंदू धर्म के कल्याण से इतर कार्यों में भी किए जाने की खबरें आती रही हैं।

आम तौर पर जो छोटे मंदिर हैं, उनके चढ़ावे की राशि तो पुजारियों, सेवादारों के गुजारे के साथ मंदिर के रखरखाव, भंडारे आदि के आयोजन में ही खर्च हो जाती है। क्या इस सबसे हिंदू धर्म के प्रचार के उद्देश्य की पूर्ति हो जाती है? कुछ बड़े मंदिरों के ट्रस्ट शिक्षा संस्थान, अस्पताल, धर्मशालाएं आदि चलाते हैं, लेकिन इसका सटीक आंकड़ा शायद ही किसी के पास हो कि देश के प्रमुख मंदिरों को प्रति वर्ष कितना चढ़ावा मिलता है और उसका उपयोग किन-किन कार्यों में किया जाता है?

इसका कारण यह है कि इसकी कोई सुनिश्चित व्यवस्था नहीं कि चढ़ावे की राशि किन कार्यों में खर्च की जाएगी और किनमें नहीं? नि:संदेह मंदिरों को मिलने वाली चढ़ावे की राशि हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार और कल्याण में ही खर्च होनी चाहिए, लेकिन यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि आखिर हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार का काम प्रभावी तरीके से किस प्रकार किया जाए? क्या संस्कृत विद्यालयों अथवा गुरुकुलों का संचालन करने मात्र से हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार का उद्देश्य पूरा हो जाता है? क्या हिंदू धर्म के वैभव प्रदर्शन से धर्म प्रचार का उद्देश्य पूरा हो जाता है? प्रश्न यह भी है कि क्या हिंदू धर्म का प्रचार केवल हिंदुओं के बीच होना चाहिए? विडंबना यह है कि इसे लेकर हिंदू धर्माचार्यों और मंदिर ट्रस्ट का संचालन करने वालों में कोई सहमति नहीं है।

हिंदू धर्म की विशेषता यह है कि यह किसी एक ग्रंथ या देव के दर्शन पर आधारित नहीं है। हिंदुओं को इसकी स्वतंत्रता है कि वे अपनी इच्छानुसार किसी इष्ट की पूजा-अर्चना करें। हिंदू धर्म के अनुयायियों के रीति-रिवाज भी अलग-अलग हैं और वे सब अपनी आस्था के अनुसार उनका पालन करने के लिए स्वतंत्र हैं। कोई कर्मकांडों को महत्व देता है तो कोई उनकी आवश्यकता नहीं समझता। हिंदू धर्म की विशेषताएं ही उसे अन्य धर्मों-पंथों से अलग करती हैं, लेकिन संभवत: इसी कारण इसकी कोई रूपरेखा भी नहीं बन सकी है कि आखिर हिंदू धर्म का व्यापक प्रचार-प्रसार कैसे हो? इसके विपरीत सनातन की शाखा समझे जाने वाले बौद्ध मत का प्रचार-प्रसार सुनियोजित तरीके से किया गया। इसका परिणाम यह है कि आज अनेक देशों में बौद्ध मत के अनुयायी हैं, लेकिन समय के साथ बौद्ध पंथ को हिंदू धर्म से अलग देखा जाने लगा। जैन और सिख पंथ भी सनातन की ही शाखा हैं। सभी अपने-अपने अनुसार अपने मत का प्रचार करते हैं, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि ईसाइयत और इस्लाम का प्रचार करने वाले कहीं अधिक संगठित हैं और सुनियोजित हैं। इसीलिए उनसे जुड़े संगठनों पर मतांतरण के आरोप लगते रहते हैं।

मंदिरों की समस्या यह है कि जहां कई बड़े मंदिरों के संचालन में सरकारी हस्तक्षेप रहता है, वहीं अन्य पंथों के अनुयायी अपने धार्मिक स्थलों का संचालन अपने हिसाब से करते हैं और उसमें सरकार का कोई दखल नहीं रहता। यह एक विसंगति है। हिंदू संगठन लगातार यह मांग करते चले आ रहे हैं कि मंदिरों का संचालन हिंदू समाज को सौंपा जाए, लेकिन इस मांग पर बल देने के साथ ही यह भी आवश्यक है कि मंदिरों के संचालन की कोई ठोस संहिता बने।

यह भी तय हो कि मंदिरों को मिलने वाली चढ़ावे की राशि का उपयोग किस तरह होगा? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जिनमें अच्छा-खासा चढ़ावा आता है, लेकिन यह पता नहीं चलता कि उनका खर्च किन कार्यों में किया जाता है? ट्रस्ट संचालित मंदिर भी चढ़ावे की राशि का उपयोग अपने हिसाब से करते हैं। जब भी कोई भक्त मंदिर जाता है तो चढ़ावा देते समय उसके दिमाग में यह नहीं रहता कि उसका क्या उपयोग होगा?

समय आ गया है कि इसकी कोई ठोस रूपरेखा बने कि मंदिरों के पुजारी या ट्रस्टी चढ़ावे की राशि का उपयोग हिंदू धर्म का समुचित ढंग से प्रचार करने और हिंदू समाज के कल्याण में ही खर्च करें। जब तक ऐसा नहीं होगा, चढ़ावे के उपयोग को लेकर सवाल उठते रहेंगे। जितना आवश्यक यह है कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना की सही तरह जांच हो, उतना ही यह भी आवश्यक है कि ऐसी व्यवस्था बने, जिससे मंदिरों के दान की राशि में किसी तरह की हेराफेरी न हो सके। इस व्यवस्था के निर्माण के लिए धर्माचार्यों और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों को आगे आना होगा।

## आज का राशिफल

### मेष
नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा।

### वृष
आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी।

### मिथुन
नौकरी में पदोन्नति होगी। गृहस्थ जीवन में भी आनंद का वातावरण छाया रहेगा। व्यापार के उद्देश्य से कहीं बाहर भी जाना हो सकता है। आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी।

### कर्क
पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा।

### सिंह
काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सकें, तो टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

### कन्या
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा। किसी प्रवास या पर्यटन स्थल पर जाने से दिन रोमांचक बन जाएगा।

### तुला
आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें।

### वृश्चिक
आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

### धनु
मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी। धार्मिक काम में धन का खर्च होगा। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है। विवाद या झगड़े से हर संभव दूर रहें।

### मकर
विवाहोत्सुक लोगों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं। रुचिकर भोजन प्राप्त होगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी।

### कुंभ
क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

### मीन
आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

## स्वास्थ्य समाचार

# बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखें?

बच्चों को सही परवरिश देना हर माता- पिता की पहली अहमियत होती है। आज के समय में जब सब कुछ डिजिटल उपलब्ध है, तो बच्चों के शारीरिक विकास के साथ मानसिक स्वसाथ्य पर ध्यान देना भी जरूरी हो गया है। आज के समय में छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं या लंबे समय तक इस पर समय बिताते है। बहुत से पेरेंट्स बच्चों के शारीरिक विकास के लिए कई बार जरूरी पोषक तत्व नहीं देते हैं। जिस कारण बच्चों की ग्रोथ पर असर पड़ता है। आज के समय में बच्चे प्रोस्सेड फूड्स का सेवन ज्यादा करना चाहते है। यह फूड्स के सेवन से बच्चों का वजन बढ़ाने के साथ कई तरह की बीमारियां लगने का खतरा भी बढ़ता हैं। बच्चों का शारीरिक



विकास ठीक ढंग से हो। ऐसे में बच्चों की डाइट में प्रोटन, कैल्शियम और फाइबर रिच फूड्स को शामिल करें। साथ ही शरीर के विकास के साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें।

**बच्चों को साफ-सफाई के बारे में बताएं :** बचपन से ही बच्चों को साफ-सफाई के बारे में अवगत कराना जरूरी होता है। ऐसे में बाहर से आने के बाद बच्चों का ठीक से हैंडवॉश कराएं। खाना खाने से पहले और बाद में बच्चों को हैंडवॉश की अहमियत बताएं। बच्चों के साथ खुद भी हाथ को अच्छ से धोएं। बच्चों को इस रूटिन के लिए जागरूक बनाएं। ऐसा करने से संक्रमण से बचाव होता है।

### समय पर टीकाकरण

बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से टीकाकरण अवश्य कराएं। टीकाकरण से बच्चों को कई बीमारियों से बचाया जा सकता हैं। साथ ही टीकाकरण बच्चे के शारीरिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। बच्चे को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर डॉक्टर को अवश्य दिखाएं।

### बच्चों के साथ बातचीत करें

बच्चे के मानसिक विकास पर ध्यान देने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि आप उनसे खुले दिल से बात करें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें कि बच्चा बिना डरे आपसे हर बात शेयर कर सकें। बच्चा अगर कोई बात बता रहा हो, तो उसे टोके नहीं बल्कि उसकी बात को ध्यान से सुनें।

### आत्मविश्वास को बढ़ाएं

ऐसा बहुत बार होता हैं कि बच्चा कुछ करना चाहता हैं लेकिन उसमें सफल नहीं हो पाता है। ऐसे में बच्चों को बताएं कि गलतियों से सीखें, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

### काम और खेल में संतुलन बनाएं

बच्चों को काम और खेल में संतुलन बनाए रखने के लिए भी प्रेरित करें। बच्चों का ऐसा रूटिन सेट करें कि उन्हें दोनों ही काम के लिए समय मिल सकें। साथ ही शाम को आउटडोर गेम खेलने या ऐसी कोई एक्टिविटी कराए। जिसको बच्चा करते समय एन्जॉय करता हो।

# एक साथ खाएं अश्वगंधा और विदारीकंद पुरुषों को मिलेंगे यह अनोखे फायदे

पुराने जमाने में लोग हेल्दी और फिट रहने के लिए तमाम तरह की आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन करते थे। आयुर्वेदिक औषधियों के शक्तिशाली गुण शरीर को हेल्दी रखने से लेकर बीमारियों के खतरे को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद भी बहुत ही शक्तिशाली जड़ी-बूटी हैं। इनका सेवन करने से शरीर की कई गंभीर परेशानियों से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। अश्वगंधा में मौजूद गुण शरीर को शारीरिक रूप से ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी हेल्दी रखने में मदद करते हैं। वहीं विदारीकंद सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार समेत कई गंभीर इन्फेक्शन से छुटकारा पाने के लिए फायदेमंद औषधि मानी जाती है। पुरुषों के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन रामबाण होता है। अश्वगंधा और विदारीकंद दोनों ही बारहमासी जड़ी-बूटियां हैं, जिनका इस्तेमाल शरीर की कई गंभीर समस्याओं और बीमारियों के इलाज में पुराने समय से ही किया जा रहा है। पुरुषों की कई गंभीर परेशानियों में अश्वगंधा और विदारीकंद फायदेमंद होते हैं।

### स्पर्म काउंट बढ़ाने में फायदेमंद

खानपान में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के चलते पुरुष लो स्पर्म काउंट की परेशानी का शिकार हो जाते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन करने से लो स्पर्म काउंट की समस्या दूर होती है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से स्पर्म काउंट तेजी से बढ़ता है।

### इनफर्टिलिटी में फायदेमंद

लो स्पर्म काउंट कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनकी वजह से पुरुष इनफर्टिलिटी यानी बांझपन की समस्या का शिकार होते हैं। बांझपन या इनफर्टिलिटी से छुटकारा पाने के लिए



रोजाना डॉक्टर की सलाह के आधार पर अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन करना चाहिए।

### शीघ्रपतन से छुटकारा

शीघ्रपतन पुरुषों में होने वाली आम यौन समस्या है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद के चूर्ण को घी के साथ खाने से बहुत फायदा मिलता है। आप नियमित रूप से इसका सेवन कर शीघ्रपतन से छुटकारा पा सकते हैं।

### टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाए

टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन की कमी के कारण पुरुषों को सेक्सुअल लाइफ से जुड़ी परेशानियों के अलावा कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

### इरेक्टाइल डिसफंक्शन ठीक करने में फायदेमंद

इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या ठीक करने में अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण कॉर्टिसोल को ठीक करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन करने से इस समस्या में फायदा मिलता है।

### कैसे करें अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन?

अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन करने के लिए आप सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें। डॉक्टर की सलाह के आधार पर आप अश्वगंधा और विदारीकंद के चूर्ण को मिक्स करके घी या शहद के साथ खा सकते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के इसका सेवन करने से बचना चाहिए अन्यथा कई नुकसान भी हो सकते हैं।

# पोषक तत्वों का भंडार है टेटनस मशरूम, इसे खाने से होते है यह फायदे

शरीर को फिट और हेल्दी रखने के लिए खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हेल्दी डाइट से ही आप निरोगी काया पा सकते हैं। शाकाहारी लोगों को तो डाइट में विशेष रूप से सभी तरह के पोषक तत्वों से युक्त फूड्स को शामिल करना चाहिए। ऐसे में आप मशरूम को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। मशरूम को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद तमाम पोषक तत्व शरीर को हेल्दी रखने और बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। क्या आप जानते हैं कि मशरूम की कई प्रजातियां होती हैं और इनमें पाए जाने वाले पोषक तत्व भी अलग-अलग होते हैं। इसी तरह का एक मशरूम है टेटनस मशरूम। टेटनस मशरूम में मौजूद पोषक तत्व चिकन और मटन से कई गुना ज्यादा होते हैं। जगंलों में साखू के पेड़ के नीचे उगने वाला टेटनस मशरूम शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इस मशरूम को शाकाहारियों का मटन भी कहा जाता है।



### विटामिन डी की कमी करे पूरा

टेटनस मशरूम में विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से शरीर में विटामिन डी की कमी दूर करने और हड्डियों को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इसका सेवन करने से शरीर में कई बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

### आंतों के लिए फायदेमंद

टेटनस मशरूम में मौजूद पोषक तत्व और गुण आंतों को हेल्दी रखने में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें बीटा ग्लुकेन कंपाउंड पाया जाता है, जो आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसका सेवन करने से पाचन तंत्र ठीक रहता है।

### इम्यूनिटी बूस्ट करने में फायदेमंद

शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए टेटनस मशरूम का सेवन फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एक्टिव पॉलिसेकेराइड इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर संक्रमण से लड़ने में सक्षम होता है।

### हार्ट के लिए फायदेमंद

टेटनस मशरूम में मौजूद घुलनशील फाइबर हार्ट से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करता है। इसमें मौजूद गुण शरीर में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रखने में भी इसका सेवन फायदेमंद होता है।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

मेंटल हेल्थ को ठीक रखने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लेनी चाहिए। टेटनस मशरूम में मौजूद गुण न्यूरोडीजेनेरेटिव डिजीज में बहुत फायदेमंद माने जाते हैं।

# आदिवासी कांग्रेस का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कस्बे के अभिनंदन गार्डन में शनिवार को आदिवासी काग्रेस का जिला स्तरीय सम्मेलन जिलाध्यक्ष रतन मीणा जोधपुरा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं डूंगरपुर के विधायक गणेश घोघरा ने काग्रेस पार्टी को मजबूत करने पर विस्तार से विचार रखे। विशिष्ट अतिथि उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी ने आदिवासी समाज की जमकर तारीफ की। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राधेश्याम मुहेल, प्रदेश संगठन महासचिव हरफूल मीणा, जयपुर संभाग प्रभारी कैलाशी मीणा, राहुल भैया, आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, पूर्व ख्याली राम, राजीव गोरा, पूर्व जिला परिषद सदस्य बालूराम उतरासर, दिल्ली पुलिस के रिटायर्ड एसीपी राधेश्याम मीणा सिंघाना, मीणा हॉस्टल अध्यक्ष रामचंद्र मीणा, शिवलाल मीणा रिंगस, रामकुमार भीमसर, सहित कई वरिष्ठ लोगों ने संबोधित किया। सम्मेलन में अतिथियों का साफा ओर माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने आदिवासी काग्रेस पार्टी को ब्लॉक स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी ने टोडी आदिवासी मीणा छात्रावास में अपने विधायक कोष से 10लाख रुपये की लागत से लाइब्रेरी पुस्तकालय का निर्माण कराने की घोषणा की।। इस अवसर पर विनोद मीणा अशोक मीणा, प्रभाती लाल मीणा, होशियार सिंह मीणा रामसिंह मीणा बामलास मामराज मीणा, मनोज मीणा कालोटा, रोहिताश मीणा भोड़की, अमित मीणा घोड़ी वारा रामनिवास मीणा, प्रहलाद मीणा कालूसर, प्यारे लाल मीणा सले दी पूरा, बिलासा राम भोड़की, संजय मीणा रवा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय मीणा रवा ने किया।

## राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर उपशाखा तारानगर की तहसील कार्यकारीणी का विस्तार



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** डॉ अम्बेडकर सामुदायिक भवन तारानगर में राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर उपशाखा तारानगर की बैठक हुई। बैठक में राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर उपशाखा तारानगर की तहसील कार्यकारीणी का विस्तार किया गया। साथ ही डॉ अम्बेडकर शिक्षक संघ चूरू के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राकेश किलानिया और उनकी कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मानसिंह मेहरा, अजाक के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक आलडिया, चूरू तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश बारूपाल, सरदारशहर तहसील अध्यक्ष इंद्राज महिचा, राजगढ़ तहसील कोषाध्यक्ष पवन गोठवाल, बीदासर से गुलाब सिंह इत्यादि का माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक प्रकाश मेघवाल, जेठाराम पटीर, तारानगर तहसील अध्यक्ष भगवानराम घोटड़, रीछपाल सिंह, ओम प्रकाश कडायला, सुरेश जोईया, मुंशी राम मेहरा, हेतराम चनानीया, ग्यारसी लाल गोठवाल, हजारी मल, मुकेश छापरवाल, भानी राम बरोड़, अजय कुमार, भूप सिंह छापरवाल, नन्द लाल कलिया, प्रताप कलिया इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन राजेश कलिया ने किया।

## अभद्र टिप्पणी के विरोध में गिरफ्तारी की मांग को लेकर थानाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम लोहा निवासी भरत भार्गव द्वारा जाट समाज एवं पुलिस प्रशासन के विरुद्ध की गई कथित अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में ग्रामीण किसान छात्रावास संस्थान के अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर के नेतृत्व में थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि किसी भी समाज, समुदाय अथवा प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे तथा कानून व्यवस्था के लिए हानिकारक है। ऐसे मामलों में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई होना आवश्यक है, ताकि समाज में गलत संदेश न जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नानूराम बिरड़ा, गजानन्द सिहाग, दौलत बिरड़ा, धर्मपाल, प्यारेलाल पूनिया, रतनलाल बिजारणिया, सुभाष जाखड़, ईश्वर श्योराण, मनोज, कैलाश पड़गड़, सुल्तान भंवर पूनिया, ताराचंद, हरिराम बुडानिया, ओमप्रकाश, दलीप सिहाग, राजेश रुलानिया, नेमीचंद, किशन कड़वासरा, भंवर पूनिया, भागीरथ ढाका, महिपाल, ओमप्रकाश बुडानिया, लिच्छूराम, हरिराम, कुमाराम, राजेश, रामचन्द्र, बाबूलाल तथा शीशपाल सहित बड़ी संख्या में संस्थान के सदस्य एवं समाज के गणमान्यजन उपस्थित थे।

## डॉ. योगिता सक्सेना को मिले दो सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में सुजानगढ़ की डॉ. योगिता सक्सेना को दो अवार्ड से नवाजा गया है। जानकारी के अनुसार आईएम, राजस्थान इंस्टालेशन एवं डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन में चिकित्सक के रूप में डॉ. योगिता सक्सेना को सर्टिफिकेट ऑफएक्सीलैंस अवार्ड तथा शाखा सचिव के तौर पर सर्टिफिकेट ऑफ, प्रीसियेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

इंडियन मेडिकल एसोसियेशन राजस्थान की ओर से आयोजित आईएमए प्राइड 2026 कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, आईएम, के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. रजनीश, राष्ट्रीय उपध्यक्ष डॉ. सुनील, राज्य सचिव डॉ. एन के अग्रवाल, डॉ. अखिल अग्रवाल ने यह सम्मान प्रदान किया। ज्ञात रहे कि डॉ. योगिता सक्सेना आईएमए की स्थानीय शाखा सचिव भी हैं।

# भागवत कथा सुनने से जीव को मिलती है मुक्ति जन्म-मरण के बंधन से मिलता है छुटकारा

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा चरणदास मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास पंडित दिनकर महाराज ने ध्रुव चरित्र, राजा परीक्षित, जड़ भरत, अजामिल, प्रह्लाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन तथा राजा बलि के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।



कथा के दौरान वामन भगवान की मनमोहक सजीव झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर दिनकर ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण जीव के कल्याण का सबसे सरल और श्रेष्ठ मार्ग है। भागवत सुनने से मनुष्य जन्म-मरण के बंधन से मुक्त होकर मोक्ष की प्राप्ति करता है। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित ने अपनी मृत्यु का भय दूर करने के लिए जो जिज्ञासा प्रकट की थी, वह केवल अपने लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानव समाज के कल्याण के लिए थी। सप्ताह में सात दिन होते हैं और प्रत्येक जीव की मृत्यु भी इन्हीं सात दिनों में किसी न किसी दिन निश्चित है। इसलिए मनुष्य को मृत्यु से भयभीत होने के बजाय भगवान का स्मरण, सत्संग और भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। महाराज ने ध्रुव की अटूट भक्ति, प्रह्लाद की अडिग श्रद्धा, अजामिल के उद्धार, जड़ भरत के वैराग्य, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन तथा राजा बलि के समर्पण का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। कथा के समापन पर वामन भगवान की सजीव झांकी ने सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर मदन सिंह शेखावत एवं उनकी धर्मपत्नी ने व्यासपीठ का पूजन किया। सोमवार को कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी सजाई जाएगी।

## नवनिर्मित शनिदेव महाराज की मूर्ति स्थापना, भण्डारे में ग्राम जनता ने की पंगत-प्रसादी



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** दिवराला ग्राम पंचायत में पंचायत भवन के पीछे भैंरुजी महाराज के पास बने नवनिर्मित शनिदेव महाराज के भव्य मंदिर में रामसर जोहड़ा वाले बालाजी महाराज मंदिर के संत किशनदास महाराज के सान्निध्य में मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम शनिवार को पण्डित बजरंगलाल जोशी द्वारा पूजा-अर्चना एवं पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। मंदिर स्वर्गीय शंकरलाल सैनी ढ़ाणी डूंगजीवाली दिवराला की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी माना देवी एवं पुत्र छाजूराम सैनी, रामावतार सैनी लाठा सरपंच दिवराला एवं विक्रम सैनी द्वारा करवाया गया। महान्यायवादी भगवान शनिदेव महाराज के इस सार्वजनिक मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना के पहले दिन शुक्रवार को रात्रि जागरण हुआ । भव्य एवं विशाल कलश-यात्रा निकाली गई जिसमें मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासक रामावतार लाठा, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अरुण शर्मा, समाजसेवी सुशील शर्मा दिवराला, जयसिंह शेखावत, नाथूलाल सैनी, गंगाराम सैनी, ऋषि शर्मा, बनवारीलाल सैनी, राहुल सैनी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल रहे। मंदिर पुजारी पिता-पुत्र सांवरमल भार्गव एवं रमेश कुमार भार्गव ने बताया कि दिवराला के तमाम ग्रामवासियों ने भगवान शनिदेव महाराज से क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की।

# कोतवाली थाने पर पहुंचकर लोगों ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कोतवाली थाने पर पहुंचकर सर्व समाज के सैकड़ो लोगों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले लोहा कस्बे के युवक भरत भार्गव को गिरफ्तार करने की मांग की। कामरेड रामनारायण रूलानिया, तेजपाल गोदारा, बनवारी लाल बिजारणिया, रिछपाल बिजानिया के नेतृत्व में चैधरी चरण सिंह किसान विकास समिति अध्यक्ष भंवरलाल चैधरी व मुकेश गोदारा की ओर से दो अलग-अलग प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर आरोपी को अरेस्ट करने की मांग की गई इससे पहले लोगों ने थाने पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए आक्रोश जाहिर किया। ज्ञात रहे कि लोहा कस्बे के युवक भरत भार्गव पर जाट समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिसके चलते लोगों में आक्रोश फैल गया। नारेबाजी और प्रदर्शन के दौरान रामलाल निठारवाल, खिंवाराम डूकिया, लिछमणराम गोदारा, पवन कुमार गोदारा, तेजपाल गोदारा, चांदमल छरंग, चन्द्रप्रकाश जानू, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, रामावतार चोयल, कॉमरेड जदगीश नाथ, हेमंत ढ़ाका, मदनलाल भारी, रिछपाल बिजारणिया, कालूराम बाबरिया, राजकुमार डूकिया, सुनील गोदारा, जगदेव बेड़ा, महावीर खिचड़, आसाराम बाबरिया, कैलाश गुर्जर, निर्मल सांखला, ओमप्रकाश जानू, जितेंद्र भार्गव, महावीर मंडा, नौरंगरलाल सारण, भंवरलाल पांडर, खिंवाराम डूकिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने बताया कि शाम के 6 बजे तक मुकदमे दर्ज नहीं किए गए हैं, जिसके कारण थाने पर धरना शुरू कर दिया गया है।

## भाजपा ग्रामीण मंडल निम्बीजोधा की बैठक संपन्न



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** निंबी जोधा भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर पवार की अध्यक्षता में श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम संयोजक देवाराम पटेल ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही जगदीश प्रसाद पारीक जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा हमें हर महीने मासिक बैठक के लिए तैयार रहना है और जो भी आपकी गांव स्तर की समस्याएं हैं उसको लिखित रूप में मंडल अध्यक्ष को दें साथ ही उन्होंने कहा की हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल ही में पंचपदरा में रिफाइनरी के उद्घाटन के साथ जोधपुर हवाई अड्डे को भी आधुनिकरण रूप दिया जो कि डबल इंजन की सरकार का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारी केन्द्र सरकार और राज्य सरकार लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। राकेश शर्मा विधानसभा प्रवासी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें संगठन की सभी बैठकों में भाग लेना है और बूथ स्तर पर काम करना है। बैठक में भाजपा नेता नाथूराम कालेरा ने प्रति माह बैठक आयोजित करने और सभी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका समय पर समाधान करने की बात कही। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष एवं मण्डल प्रभारी जगदीश प्रसाद पारीक, भाजपा नेता नाथूराम कालेरा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नवरत्न खीचड़, अल्पसंख्यक मौर्चा मण्डल अध्यक्ष फुले खां, रामनारायण सारण, पूर्णाराम बिरडा ने भाग लिया। अंत में पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं मन की बात के संयोजक नवरत्न खीचड़ ने सभी का धन्यवाद दिया।

# एविएटर गेम के जरिए ऑनलाइन ठगी करने वाले 17 युवक गिरफ्तार

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले की हमीरवास थाना पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एविएटर गेम के नाम पर लोगों को लालच देकर ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले 17 युवकों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 91 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, वाई-फाई उपकरण, चार्जर सहित अन्य डिजिटल सामग्री जब्त की है।

बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई आईपीएस अभिजीत पाटिल के सुपरविजन में तथा हमीरवास थाना प्रभारी राय सिंह सुथार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि रावतसर कुंजला गांव के खड़ेर क्षेत्र स्थित दो हवेलियों में एक संगठित गिरोह ऑनलाइन गेमिंग और साइबर फ्रॉड का अवैध संचालन



कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से दोनों स्थानों पर एक साथ दबिश दी। दबिश के दौरान वहां मौजूद 17 युवकों को मौके से हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी एविएटर गेम के माध्यम से लोगों को अधिक मुनाफे और तेजी से पैसे कमाने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करते थे।

इसके लिए अलग-अलग मोबाइल फोन, इंटरनेट कनेक्शन और डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाता था। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए 91 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, वाई-फाई राउटर, चार्जर तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को पुलिस ने कब्जे में लेकर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब मोबाइल फोन के डेटा, बैंक खातों, यूपीआई ट्रांजैक्शन, सोशल मीडिया अकाउंट और कॉल रिकॉर्ड की जांच कर रही है ताकि गिरोह के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस गिरोह के तार अन्य जिलों और राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं। डिजिटल साक्ष्यों की जांच के बाद कई और लोगों की गिरफ्तारी तथा बड़े खुलासे होने की संभावना है।

## यंग्स क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने की आचार्य महाश्रमण से भेंट

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को भामाशाह व क्लब की मार्गदर्शिका कमला सिंघी के नेतृत्व में जैन विश्व भारती लाडनूं में तेरापंथ धर्मसंघ के अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर आचार्य श्रीमहाश्रमण को हाल ही में क्लब द्वारा प्रकाशित स्मारिका -सुजान यश धारा भेंट की गई तथा क्लब के सामाजिक सेवा प्रकल्पों की जानकारी सहित वर्षों पूर्व आचार्य श्री तुलसी, आचार्य श्री महाप्रज्ञ व आचार्य श्री महाश्रमण के सानिध्य में क्लब द्वारा आयोजित संगोष्ठियों के विषय में स्मरण करवाया गया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा फरवरी 2027 में आचार्य श्री के सुजानगढ़ आगमन पर उन्हें क्लब पधारने का आमंत्रण भी दिया गया। आचार्य श्री ने स्मारिका का अवलोकन कर क्लब गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए संदेश दिया कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है।

## जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं शहर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान महर्षि ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर कई मामलों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए तथा शेष समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराने का भरोसा दिलाया। जनसुनवाई में पेयजल आपूर्ति में अनियमितता, बिजली संबंधी शिकायतें, जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई, जलभराव की समस्या, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व मामलों, भूमि सीमांकन, नामांतरण, चिकित्सा सुविधाओं, शिक्षा, कृषि विद्युत कनेक्शन, सार्वजनिक निर्माण कार्य तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने सहित अनेक समस्याएं सामने रखी गईं।

# डेब्यू कैप मिलते ही रो पड़े वैभव भारत के सबसे युवा क्रिकेटर बने

## इंग्लैंड का भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रनचेज




वैभव सूर्यवंशी भारत के लिए डेब्यू करने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर बन गए। उन्होंने 15 साल 99 दिन में पहला मैच खेलकर सचिन तेंदुलकर और शेफाली वर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मैनचेस्टर में तिलक वर्मा ने वैभव को डेब्यू कैप दी। इसके बाद वे भावुक होकर रो पड़े। हालांकि, उनका पहला इंटरनेशनल मैच जीत के साथ यादगार नहीं बन सका। इंग्लैंड ने 191 रन का टारगेट 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह टी-20 में भारत के खिलाफ इंग्लैंड का सबसे बड़ा रनचेज भी रहा। मुकाबले में कई यादगार मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले।

### सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले भारतीय खिलाड़ी

| खिलाड़ी | उम्र | फॉर्मेट | खिलाफ |
|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 15 साल 99 दिन | टी20 | इंग्लैंड |
| शेफाली वर्मा | 15 साल 239 दिन | टी20 | सा. अफ्रीका |
| सचिन तेंदुलकर | 16 साल 205 दिन | टेस्ट | पाकिस्तान |
| जेमिमा रोड्रिग्स | 17 साल 130 दिन | टी20 | सा. अफ्रीका |
| पार्थिव पटेल | 17 साल 153 दिन | टेस्ट | इंग्लैंड |
| मिताली राज | 17 साल 205 दिन | वनडे | आयरलैंड |
| स्मृति मंधाना | 17 साल 261 दिन | टी20 | बांग्लादेश |
| हरभजन सिंह | 17 साल 265 दिन | टेस्ट | ऑस्ट्रेलिया |
| पृथ्वी शॉ | 18 साल 165 दिन | टेस्ट | वेस्टइंडीज |

### इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले यंगेस्ट प्लेयर्स

| उम्र | खिलाड़ी का नाम | Vs | जगह | साल |
|---|---|---|---|---|
| 11 साल, 40 दिन | निया चार्लोट ग्रेग (जर्सी) | फ्रांस | ननतेस | 2019 |
| 14 साल, 16 दिन | मारियन गेरासिम (रोमानिया) | बुल्गारिया | लेफॉव काउंटी | 2019 |
| 14 साल, 227 दिन | हसन रजा (पाकिस्तान) | जिम्बाब्वे | फैसलाबाद | 1996 |
| 15 साल, 99 दिन | वैभव सूर्यवंशी (भारत) | इंग्लैंड | मैनचेस्टर | 2026 |
| 15 साल, 116 दिन | मोहम्मद शरीफ (बांग्लादेश) | जिम्बाब्वे | हरारे | 2001 |
| 15 साल, 124 दिन | मुश्ताक मोहम्मद (पाकिस्तान) | वेस्टइंडीज | लाहौर | 1959 |
| 16 साल, 127 दिन | आकिब जावेद (पाकिस्तान) | वेस्टइंडीज | एडिलेड | 1988 |
| 16 साल, 205 दिन | सचिन तेंदुलकर (भारत) | पाकिस्तान | कराची | 1989 |

#### वैभव ने 15 साल 99 दिन की उम्र में डेब्यू किया

वैभव इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले भारत के यंगेस्ट क्रिकेटर बने। उन्होंने 15 साल 99 दिन की उम्र में पहला मैच खेला। वैभव ने शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। शेफाली ने 15 साल 239 दिन और सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेला था।

#### वैभव इंटरनेशनल में डेब्यू करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी

वैभव इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। जर्सी की निया चार्लोट ग्रेग सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2019 में 11 साल, 40 दिन की उम्र में पहला टी-20 इंटरनेशनल खेला था। उनके नाम सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। पुरुषों में रोमानिया के मारियन गेरासिम सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले पुरुष क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2020 में 14 साल और 16 दिन की उम्र में पहला टी-20 इंटरनेशनल खेला था।

#### वैभव टी-20 डेब्यू पर स्टंप आउट होने वाले पहले भारतीय

वैभव टी-20 डेब्यू पर स्टंप आउट होने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्हें विल जैक्स की गेंद पर जोस बटलर ने स्टंप आउट किया।

#### इंग्लैंड का भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रनचेज

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ टी-20 में अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज किया। उन्होंने 191 का टारगेट हासिल करते हुए 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। टीम ने 2012 में भारत के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर 178 रन का टारगेट हासिल किया था।

#### रवि बिश्नोई ने एक ओवर में 29 रन दिए

रवि बिश्नोई टी-20 में सबसे मंहगा ओवर डालने वाले तीसरे भारतीय बने। उन्होंने पारी के 17वें ओवर में 29 रन दिए। बिश्नोई ने इस ओवर में 2 साइड नो बॉल डाली। वहीं बेथेल ने ओवर में 3 छक्के जड़ दिए। टी-20 में भारत के लिए सबसे महंगा ओवर शिवम दुबे ने डाला है। उन्होंने 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 34 रन दिए थे।

#### वैभव को तिलक ने डेब्यू कैप दिया, सूर्यवंशी भावुक हुए

वैभव को उप कप्तान तिलक वर्मा ने भारतीय कैप दी। सभी खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ ने तालियां बजाकर उनको बधाई दी। इसके बाद अभिषेक, ईशान, अर्शदीप सहित कई खिलाड़ियों वैभव की पीठ थपथपाई। कैप मिलने के बाद वैभव भावुक हो गए।




**टॉस के समय श्रेयस की कैप हवा में उड़ी**–टॉस के समय भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर की कैप हवा में उड़ गई। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने सिक्का हवा में उछाला। श्रेयस ने कॉल किया। इसी दौरान तेज हवा से उनकी टोपी उड़कर पीछे जा गिरी।

**वैभव ने जोफ्रा की गेंद पर पहला इंटरनेशन सिक्स लगाया**–वैभव ने इंटरनेशनल क्रिकेट की सिर्फ तीसरी गेंद पर छक्का जड़ दिया। भारतीय पारी के तीसरे ओवर में जोफ्रा आर्चर पहली बार वैभव के सामने आए। वैभव ने घुटना टेकते हुए पहली ही गेंद को विकेटकीपर के सिर के ऊपर से बाउंड्री लाइन के बाहर भेज दिया। यह उनके इंटरनेशनल करियर का पहला छक्का था।

**हैरी ब्रूक ने वैभव के जूते का फीता बांधा**–मैच की शुरुआत में वैभव के जूते का फीता खुल गया। इसके बाद इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक उनकी मदद के लिए आए। उन्होंने वैभव के जूते का फीता बांधा।

**आर्चर ने तिलक का कैच ड्रॉप किया**–भारतीय पारी के 18वें ओवर में सैम करन की चौथी गेंद पर तिलक वर्मा ने बड़ा शॉट खेला। गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े जोफ्रा आर्चर के पास गई। उन्होंने डाइव लगाकर कैच तो पकड़ा, लेकिन उन्होंने तुरंत रिप्ले का इशारा किया। रिप्ले में दिखा कि आर्चर के हाथों में जाने पहले गेंद जमीन को छू गई थी। तब तिलक सिर्फ 1 रन बनाकर खेल रहे थे।




**पारी की पहली गेंद पर सॉल्ट आउट**–अर्शदीप सिंह ने पारी की पहली गेंद पर ही भारत को विकेट दिलाया। इंग्लैंड के ओपनर फिल सॉल्ट बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। अर्शदीप की अतिरिक्त उछाल लेती हुई बाहर जाती गेंद पर सॉल्ट ने कट शॉट खेलने का प्रयास किया। गेंद ने बल्ले का बाहरी किनारा लिया और विकेटकीपर ईशान किशन के दस्तानों में चली गई।

**बिश्नोई ने 3 बार साइड लाइन नो बॉल डाली**–रवि बिश्नोई ने मैच में अपनी पहली गेंद ही नो बॉल डाली। रनअप के दौरान उनका पैर साइड लाइन के बाहर चला गया। इसे अंपायर ने नो बॉल करार दिया। इसके बाद 17वें ओवर में भी दो बार उनका पैर साइड लाइन के बाहर चला गया। इस ओवर की दोनों फ्री हिट बॉल पर बेथेल ने छक्का जड़ा।

# फ्रांस चौथी बार फीफा वर्ल्डकप केक्वार्टर फाइनल में

## एमबाप्पे ने हाथ नहीं मिलाया तो पैराग्वे के गोलकीपर ने फुटबॉल मारी

फ्रांस फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। उसने चौथी बार टॉप-8 में जगह बनाई है। फ्रांसीसी टीम ने रविवार सुबह खेले गए मैच में पैराग्वे को 1-0 से हराया। स्टार फुटबॉलर किलियन एमबाप्पे ने दूसरे हाफ में पेनल्टी पर निर्णायक गोल किया।

फिलाडेल्फिया स्टेडियम में मैच के बाद पैराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल खेल भावना के तहत एमबाप्पे से हाथ मिलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन एमबाप्पे ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। इससे निराश गिल ने फुटबॉल एमबाप्पे की ओर उछाल दी, जोकि फ्रांस के फॉरवर्ड की पीठ पर लगी।

फ्रांस का क्वार्टर फाइनल मैच 9 जुलाई की रात 1:30 बजे से मोरक्को से होगा। मोरक्को ने शनिवार देर रात राउंड ऑफ 16 के पहले मुकाबले में मेजबान कनाडा को 3-0 के अंतर से मात दी। इस जीत के साथ मोरक्को वर्ल्ड कप इतिहास में एक से ज्यादा बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया। इससे पहले वह 2022 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था।

#### एमबाप्पे ने पेनल्टी पर गोल दागा

पैराग्वे ने डिफेंसिव खेल दिखाया। 70वें मिनट में वीएआर (वीडियो असिस्टेंट रेफरी) रिव्यू के बाद फ्रांस को पेनल्टी मिली। डिएगो गोमेज पर फाउल का फैसला आने के बाद किलियन एमबाप्पे ने पेनल्टी को




गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई।

#### पैराग्वे ने दी कड़ी टक्कर

पैराग्वे ने पूरे मैच में फ्रांस के हमलों को काफी हद तक रोके रखा। दूसरे हाफ में एमबाप्पे को एक शानदार मौका मिला, लेकिन वे ब्रेकअवे का फायदा नहीं उठा सके। मैनू कोने का दमदार शॉट गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने शानदार बचाव करते हुए रोक दिया। स्टॉपेज टाइम में भी गिल ने एमबाप्पे के दो बेहतरीन प्रयास विफल कर मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा।

# भारत-ए ने श्रीलंका-ए को 10 विकेट से हराया

## बरार ने दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लिए, सुदर्शन के 168 रन; 1-0 से सीरीज जीती

भारत-ए ने श्रीलंका-ए को दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में 10 विकेट से हराकर दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। रविवार को गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में मुकाबले के चौथे और आखिरी दिन तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर मैच में कुल 10 विकेट पूरे किए। पहली पारी में 168 रन बनाने वाले साई सुदर्शन ने दूसरी पारी में भी नाबाद 25 रन बनाए।

सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। इससे पहले भारत-ए ने अफगानिस्तान-ए और श्रीलंका-ए वाली वनडे ट्राई सीरीज भी जीती थी।

#### भारत ने 177 रन की बढ़त लेकर पारी घोषित की

भारत-ए ने चौथे दिन 541/8 से आगे खेलना शुरू किया। सिर्फ 9 गेंद खेलने के बाद यश ठाकुर के आउट होते ही टीम ने 543/9 पर पारी घोषित कर दी। सारांश जैन 70 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि चोटिल ऋतुराज गायकवाड़ बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। पहली पारी के आधार पर भारत-ए को 177 रन की बढ़त मिली। श्रीलंका-ए ने पहली पारी में 366 रन बनाए थे।

#### गुरनूर ने नई गेंद से विकेट लिए

श्रीलंका-ए की शुरुआत बेहद खराब रही। बरार ने शुरुआती तीन ओवर में सोहन डी लिवेरा और नुवानिडु फर्नांडो को आउट किया। वहीं आकिब नबी ने पवन्था वीरसिंघे का विकेट लिया। मेजबान टीम सिर्फ 9 रन पर 3 विकेट गंवा चुकी थी।

#### अशेन बंडारा की फिफ्टी

शुरुआती झटकों के बाद अशेन बंडारा ने तेज बल्लेबाजी की। उन्होंने गुरनूर के एक ओवर में लगातार तीन चौके लगाए और सिर्फ 47 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। कप्तान सहान अराच्चिगे ने भी कुछ अच्छे शॉट खेले, लेकिन यश ठाकुर ने उन्हें आउट कर दिया। लंच तक श्रीलंका-ए का स्कोर 115/4 था।



# सिंधिया बोले- शिवपुरी में बने हथियार दुश्मन का सीना चीरेंगे

## जीत अडाणी बोले- 1 लाख 20 हजार नौकरियां देंगे; 2500 करोड़ की फैक्ट्री में बनेंगी मिसाइलें



शिवपुरी।

मध्य प्रदेश के शिवपुरी में 2500 करोड़ रुपए की अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास किया गया। फैक्ट्री में गोला-बारूद, हाईटेक हथियार, मिशन-रेडी मिसाइलें और हाईटेक डिफेंस प्रोडक्ट्स बनाए जाएंगे। मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में करीब 10 हजार लोगों को नौकरियां मिलेंगी। अदाणी समूह के डायरेक्टर जीत अदाणी ने कहा- समूह के चेयरमैन ने मध्य प्रदेश में 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। यह निवेश पंप हाइड्रो स्टोरेज, सीमेंट, माइनिंग, लॉजिस्टिक्स और थर्मल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। अदाणी ग्रुप का लक्ष्य 2030 तक मध्य प्रदेश में करीब 1 लाख 20 हजार रोजगार उपलब्ध कराना है।

### सिंधिया बोले- युद्ध में शिवपुरी से हथियार और गोला-बारूद जाएंगे

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, जब भी देश की रक्षा के लिए युद्ध होगा, तब शिवपुरी से हथियार और गोला-बारूद जाएंगे। यहां के युवाओं की मेहनत से बने हथियार दुश्मन का सीना चीरेंगे। गोला-बारूद दुश्मन को परास्त करेंगे। उन्होंने शिवपुरी के लिए सीएम मोहन से 4 मांगें भी कीं।

### सीएम मोहन बोले- महाराज ने थोड़ा ज्यादा मक्खन लगा दिया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मांगों पर कहा- आज महाराज की आवाज कुछ अलग ही नजर आई। ऐसा लग रहा था जैसे रोटी पर थोड़ा ज्यादा मक्खन लगा दिया हो। हालांकि, मांगों को स्वीकार करते हुए कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि शिवपुरी में 100 फीट से अधिक ऊंची भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही करीब 120 करोड़ रुपए की सड़क परियोजना और नई तहसील को मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं, कार्डियोलॉजी विभाग और सीटी स्कैन जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिवपुरी के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करेगी।

# हाईकोर्ट ने दौसा पुलिस पर जताई नाराजगी

## कहा- पंचनामा नहीं बनाना गंभीर चूक, परिजनों के मना करने पर भी पंचनामा जरूरी था



जयपुर।

हाईकोर्ट ने नाबालिग की हत्या के मामले में पुलिस के पंचनामा नहीं बनाने पर इसे गंभीर चूक बताते हुए नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने दौसा जिले के मंडावर इलाके में साल 2022 में 15 साल के किशोर की हत्या के बाद पंचनामा नहीं बनाने को गंभीर चूक करार दिया है। हाईकोर्ट ने आरोपी राजेंद्र और एक बाल अपचारी की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने पुलिस के कामकाज की शैली पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के लिए मना किया था तो भी शव का पंचनामा तैयार करवाना अस्पताल में मौजूद पुलिस अधिकारी की ड्यूटी थी। पंचनामा नहीं बनाना पुलिस जांच की गंभीर और जानबूझकर छोड़ी गई कमी है।

### आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज

जस्टिस रवि चिरानिया ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। कोर्ट ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने 7 अक्टूबर 2024 को प्रसंज्ञान ले लिया है, इसलिए इस स्टेज पर जमानत नहीं दी जा सकती। आरोपियों की तरफ से तर्क दिया गया था कि घटना 12 मई 2022 की है और एफआईआर देरी से 15 जून 2022 को दर्ज कराई गई है, लेकिन कोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया।

### अमरनाथ यात्रा तीसरा दिन

# 9 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन स्लॉट फुल

## प्रशासन बोला- रजिस्ट्रेशन नहीं तो यात्रा टालें; नया कोटा मिलने तक चेकपॉइंट पर रुकना पड़ेगा

पहलगाम/बालटाल।



जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने बिना रजिस्ट्रेशन करवाए अमरनाथ पहुंच रहे यात्रियों से कहा है कि वे अपनी यात्रा कुछ दिन के लिए टाल दें। प्रशासन के मुताबिक, 9 जुलाई तक सभी रजिस्ट्रेशन स्लॉट पूरी तरह भर चुके हैं। ऐसे में अगर कोई यात्री बिना रजिस्ट्रेशन बालटाल या पहलगाम रूट से आगे बढ़ने की कोशिश करेगा तो उसे चेक पॉइंट्स पर रोक दिया जाएगा। उसे 9 जुलाई के बाद ही आगे बढ़ने दिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि रविवार से केवल रजिस्टर्ड यात्री ही कश्मीर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन वाले यात्रियों को चेक पोस्ट पर रोक दिया जाएगा। उन्हें 9 जुलाई के बाद ही आगे बढ़ने मिलेगा। जम्मू डिविजनल कमिश्नर रमेश कुमार ने कहा कि 3 दिन में 13 हजार से ज्यादा रजिस्टर्ड यात्री बालटाल-पहलगाम रूट से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए बेस कैंप से रवाना किए जा चुके हैं।

# प्रदेश में 5 दिन बारिश का महाअटैक!

## जयपुर-अलवर समेत 30 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट

जयपुर।

राजस्थान में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और रविवार, 5 जुलाई 2026 की शाम तक राज्य के कई हिस्सों में मौसम ने करवट ले ली है. मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी और उड़ीसा तट पर बना सुस्पष्ट कम दबाव का क्षेत्र अब डिप्रेशन में बदल गया है. इसका असर राजस्थान पर भी साफ दिखाई दे रहा है. इसके चलते पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में अगले कई दिनों तक अच्छी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है. रविवार शाम के बाद भी कई जिलों में गरज-चमक, तेज हवाओं और बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जबकि कुछ इलाकों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है.

### डिप्रेशन के असर से मानसून हुआ और मजबूत

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन अगले 24 घंटे में उत्तरी उड़ीसा और उत्तरी छत्तीसगढ़ की ओर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा. इसके प्रभाव से राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में आगामी 5 से 6 दिनों तक मानसून पूरी तरह सक्रिय रहेगा. अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कई स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है. खासकर दक्षिण-पूर्वी और पूर्वी राजस्थान में 6 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में और तेजी आने के संकेत हैं.

### इन संभागों में आज बारिश का जोर

उदयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर और जयपुर संभाग के कई इलाकों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग ने कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है. इन क्षेत्रों में निचले इलाकों में जलभराव और छोटे नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने की आशंका बनी हुई है.



### किसानों और आमजन के लिए राहत

लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी है. खरीफ फसलों की बुवाई के लिए मौसम अनुकूल बना हुआ है और जलाशयों में भी पानी की आवक बढ़ने की उम्मीद है. हालांकि जिन इलाकों में तेज बारिश होगी वहां जलभराव, बिजली गिरने और तेज हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो सकता है. ऐसे में स्थानीय प्रशासन भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है.

### बचाव के लिए बरतें ये सावधानियां

मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि गरज-चमक और वज्रपात के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास खड़े न हों. तेज बारिश के समय अनावश्यक यात्रा से बचें और जलभराव वाले रास्तों से गुजरने में सावधानी रखें. वाहन चलाते समय गति नियंत्रित रखें और मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा अलर्ट पर लगातार नजर बनाए रखें. किसानों को भी बिजली कड़कने के दौरान खेतों में काम करने से बचने और सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है.

### ऑरेंज और येलो अलर्ट वाले जिले

मौसम विभाग ने सिरोही, पाली, भीलवाड़ा, बूंदी, टोंक, सवाई माधोपुर, दौसा, जयपुर, अलवर, डीग, कोटा, बारां और झालावाड़ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इन जिलों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. गरज-चमक, वज्रपात और मध्यम से तेज बारिश की भी संभावना है. वहीं उदयपुर, राजसमंद, सलूम्बर, चित्तौड़गढ़, ब्यावर, अजमेर, नागौर, डीडवाना-कुचामन, सीकर, चूरू, झुंझुनूं, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, करौली, भरतपुर, धौलपुर और जालोर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. यहां 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, हल्की से मध्यम बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है. फिलहाल राज्य में किसी जिले के लिए रेड अलर्ट जारी नहीं किया गया है.

मौसम विभाग का अनुमान है कि 6 जुलाई से दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियां और बढ़ेंगी. जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग के कई हिस्सों में अगले 5 से 7 दिनों तक मानसून सक्रिय रहेगा. 6 से 9 जुलाई के बीच दक्षिण-पूर्वी जिलों में कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है. वहीं पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग में भी हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहेगा तथा 7 और 8 जुलाई को कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है.

# बास्केटबॉल स्टेडियम में बेंच स्थापना व वृक्षारोपण



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के 52वें स्थापना दिवस पर नाथजी के टीले स्थित जिला बास्केटबॉल स्टेडियम में 10 ग्रेनाइट बेंचों का लोकार्पण किया गया और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान बालिकाओं के बीच बास्केटबॉल मैच भी हुआ, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच बराबरी पर समाप्त हुआए विजेता टीमों को 11-11 सौ रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में नितिन अग्रवाल, निर्मल कालेर और विकास शर्मा, वीरा डॉक्टर नीरू खींचा, वीर डॉ जेपी बुगालिया, वीरा शकुंतला पुरोहित, वीर जाकिर अली सिद्दीकी, सचिव पुष्कर दत्त जांगिड़, कोषाध्यक्ष वीर राजेंद्र सिंह भाटी, उपाध्यक्ष वीर गोविंद कुमावत, वीर पवन कुमावत, वीर डॉक्टर जितेंद्र स्वामी, वीर राजेश अहलूवालिया, वीर हरि कुमावत, वीर एडवोकेट रविंद्र लंबा, वीर मदन सिंह प्रेमी, वीर वासुदेव शर्मा, डॉ संजय कुमावत, डॉ. संजय कुमावत, ऋषि मोरवाल, बुधराम सैनी, राजेंद्र प्रसाद दया आदि उपस्थित रहे। बास्केटबॉल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि संस्था अध्यक्ष सत्यदेव दड़िया ने बालिकाओं को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# पंडवानी गायिका तीजन बाई पंचतत्व में विलीन : राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार; नाना से प्रेरणा मिली

रायपुर।



छत्तीसगढ़ की लोक कला और पंडवानी गायन को वैश्विक पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण तीजन बाई का निधन हो गया। वे 70 साल की थीं। उन्होंने शनिवार रात 3.15 बजे रायपुर एम्स में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार थीं। भारतीय लोक कला में उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। रविवार सुबह 11 बजे तीजन बाई के शव को उनके पैतृक गांव गनियारी लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। तीजन बाई ने अपनी सशक्त आवाज, प्रभावशाली अभिनय और अनोखी प्रस्तुति शैली से पंडवानी को देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक में नई पहचान दिलाई। महाभारत की कथाओं को सुनाने की प्रेरणा उन्हें नाना से मिली थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीजन बाई के निधन पर शोक जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोक कला को अपनी भव्य प्रस्तुति से दुनियाभर में पहचान दिलाई। उनका जाना कला और संस्कृति जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।' छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि पंडवानी के जरिए उन्होंने देश-विदेश में राज्य का नाम रोशन किया।

# राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान में पहुंचीं डिप्टी सीएम दीया कुमारी

## कहा : शिक्षा से ही बनेगा विकसित भारत, मेधावी स्टूडेंट्स को आगे बढ़ाना समाज की जिम्मेदारी

जयपुर।

राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव है और मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ाना केवल सरकार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। स्वर्णकार सेवा दल की ओर से रविवार को बिड़ला सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, मेडल, स्मृति-चिह्न और स्टेशनरी सामग्री भेंट कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के चेहरे पर सम्मान मिलने की खुशी साफ दिखाई दी, वहीं अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की सफलता पर गर्व महसूस किया। दिया कुमारी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करती है। शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संस्कारी और जागरूक नागरिक बनाने की प्रक्रिया है।

### आज का विद्यार्थी कल का बनाएगा भारत

उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का भारत बनाएगा। इसलिए युवाओं को केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा।

### सिर्फ अंक नहीं, संस्कार भी जरूरी

दीया कुमारी ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे अंक प्राप्त करना महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी अच्छा इंसान बनना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता, गुरुजनों और समाज के प्रति सम्मान बनाए रखने तथा अपनी प्रतिभा का उपयोग देश और समाज के विकास में करने का आह्वान किया।




# ममता बोलीं- मुझे रोकना है तो मारना पड़ेगा गद्दारी की भी सीमा होती है; बागी नेताओं को चुनौती- हिम्मत है तो भाजपा में शामिल हों



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में जारी बगावत के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न कहीं नहीं जाएगा। अगर मुझे रोकना है तो मुझे मारना पड़ेगा। ममता ने बागी नेताओं को चुनौती देते हुए कहा, 'अगर हिम्मत है तो खुलकर बीजेपी में शामिल हो जाओ। तुम्हें क्या लगता है कि मैं खत्म हो गई हूं? मैं जनता के बीच पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर जाऊंगी, मेरी आवाज कोई नहीं दबा सकता।' उन्होंने आरोप लगाया कि बागी नेता अब खुलकर बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। ममता ने कहा, 'गद्दारी की भी एक सीमा होती है।' ममता का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पार्टी के 20 सांसद और 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। टीएमसी की पश्चिम बंगाल अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

# प्रशांत किशोर बांकीपुर से लड़ेंगे विधानसभा उपचुनाव

## नितिन नवीन के गढ़ में बीजेपी को देंगे टक्कर

पटना।

पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर जनसुराज पार्टी की ओर से प्रशांत किशोर उम्मीदवार होंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने इसकी घोषणा की है।

प्रशांत किशोर ने कहा, चार सालों से जन सुराज ही मेरी जिंदगी है। पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। बांकीपुर से अगर जीत मिलती है तो उससे पार्टी का मनोबल काफी बढ़ेगा और पार्टी आगे बढ़ेगी।

बता दें नितिन नवीन के राज्यसभा सांसद बनने के बाद से ही पीके के बांकीपुर से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। पिछले दिनों खुद पीके ने कहा था- अगर मेरे चुनाव लड़ने से भाजपा बांकीपुर जैसी मजबूत सीट हारती है, तो मैं चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं।

बिहार में जब तक परिवर्तन नहीं आता, तब तक संघर्ष करता रहूंगा

प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं पार्टी कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता और बिहार की जनता को आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इतनी बड़ी जिम्मेदारी मेरे कंधे पर रखी है। बांकीपुर में चुनाव लड़ने की जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है, उसे मैं पूरी तरह से निभाऊंगा। अगले 5 वर्षों में बिहार में जब तक परिवर्तन नहीं आता, तब तक मैं संघर्ष करता रहूंगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि नवंबर 2025 में जिन मतदाताओं ने जनसुराज को वोट दिया, उन सबको मैं धन्यवाद देता हूं। बांकीपुर की जनता से मैं वादा करता हूं कि मैं पूरी ईमानदारी के साथ काम करूंगा। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि अगर आप अपना जनप्रतिनिधि बनाकर जनसुराज के प्रतिनिधि को भेजते हैं तो वह 242 विधायकों पर भारी पड़ेगा।



## श्रद्धाभाव के साथ श्री साईंनाथ मंदिर का वार्षिक पाटोत्सव सम्पन्न



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** कमला देवी धूत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खाचरियावास परिसर स्थित श्री साईंनाथ मंदिर का वार्षिक पाटोत्सव एवं अभिषेक समारोह रविवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर साईंनाथ के दर्शन एवं पूजन का लाभ प्राप्त किया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मदन लाल पारीक दिनेश ने बताया कि मंदिर में प्रतिवर्ष साईंनाथ का वार्षिक पाटोत्सव, अभिषेक एवं विशेष श्रृंगार का आयोजन किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पूजा-अर्चना करते हैं तथा साईंनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के पूर्व उप शासन सचिव डॉ. प्रभुदयाल पारीक, पूर्व सरपंच रामसिंह शेखावत, पूर्व उप सरपंच मंगलचंद सामोता, पूर्व पोस्टमास्टर एवं ग्राम पंचायत चक के पंच सांवरमल शर्मा, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैलाश स्वामी, नानूराम, नर्सिंग अधिकारी लोकेश शर्मा, नागरमल पारीक चक, सेठजी मिठाई के अशोक पूनिया, पूर्व पंच लालचंद सेवदा, सूर्या एनर्जी के सुभाष कुमावत, हुक्माराम कुमावत सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर में अभिषेक, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान आचार्य बनवारी लाल इंदौरिया उमाड़ा ने वैदिक रीति.रिवाज एवं मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न करवाए। समारोह के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने साईंनाथ के जयकारों के साथ सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

## सामूहिक परिचय सम्मेलन में 90 युवक-युवतियों ने दिया परिचय



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर माली सैनी समाज विकास आदर्श संस्था की ओर से रविवार को सोडाला स्थित नारायणगढ़ पैलेस में 247वां सर्व हिन्दू समाज विवाह योग्य युवक-युवती सामूहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न समाजों के अभिभावकों और विवाह योग्य युवक-युवतियों ने भाग लिया। मंच से 60 युवकों और 30 युवतियों सहित कुल 90 प्रत्याशियों ने अपना परिचय दिया। संस्था के अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को समान अवसर देने के लिए सम्मेलन दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले चरण में उच्च शिक्षित तथा दूसरे चरण में अन्य युवक-युवतियों का परिचय कराया गया। प्रतिभागियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता, व्यवसाय और जीवनसाथी को लेकर अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में सैनी, राजपुरा, सिंघी, गुर्जर, जाट, ब्राह्मण, कुमावत, कोली और बलाई सहित विभिन्न समाजों के युवक-युवतियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य वैवाहिक प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाना तथा योग्य परिवारों को साझा मंच उपलब्ध कराना है। आयोजकों ने बताया कि जिन युवक.युवतियों का इस बार परिचय नहीं हो सकाए उनके लिए अगला परिचय सम्मेलन 12 जुलाई को इसी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। संस्था कई वर्षों से नियमित रूप से ऐसे सम्मेलन आयोजित कर रही है, जिससे परिवारों को बिना अनावश्यक खर्च के योग्य जीवनसाथी तलाशने में सुविधा मिल रही है।

## पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ में 40 दिवसीय जप अनुष्ठान का संकल्प



निसं


**जयपुर ( नवयत्न )।** चेतना केंद्र दुर्गापुरा में रविवार को पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ का संचालन सुशील कुमार शर्मा और राजेश शर्मा ने कराया। इसके बाद आयोजित कार्यकर्ता गोष्ठी में 15 जुलाई से गुप्त नवरात्रि के अवसर पर शुरू होने वाले 40 दिवसीय सामूहिक सवा लाख गायत्री जप अनुष्ठान की रूपरेखा तय की गई। गोष्ठी में 17 साधकों ने सवा लाख गायत्री मंत्र जपए चार परिजनों ने 24 हजार जपए एक साधक ने प्रतिदिन 11 माला तथा अन्य श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन 3 से 5 माला जप का संकल्प लिया। साधक 14 जुलाई को सामूहिक संकल्प ग्रहण करेंगे तथा अनुष्ठान की पूर्णाहुति पंचकुंडीय यज्ञ और कन्या भोज के साथ होगी। आयोजकों ने बताया कि साधकों के लिए व्हाट्सएप समूह बनाया जाएगा, जिसके माध्यम से प्रतिदिन साधना, प्रार्थना, ध्यान, यज्ञ विधि और स्वाध्याय की जानकारी साझा की जाएगी। प्रतिदिन रात 8:30 बजे ऑनलाइन सामूहिक स्वाध्याय भी आयोजित होगा। इस अवसर पर जन्मशताब्दी साधना अभियान के तहत पंजीकरण शिविर भी लगाया गया। इच्छुक साधक 12 जुलाई तक ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। कार्यक्रम में तीन जन्मदिवस संस्कार और एक विवाह दिवस संस्कार भी वैदिक रीति से संपन्न कराए गए।

# मंढा में धर्म और तप की अनूठी साधना : आचार्य वर्धमान सागर सहित चार संतों का केशलोचन, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** मंढा-सुरेरा में प्रथमाचार्य शांतिसागर की मूल बालब्रह्मचारी पट्ट परंपरा के पंचम पट्टाधीश, वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर का 36 साधुओं 37 पिच्छी के विशाल संघ सहित दीक्षा गुरु आचार्य धर्मसागर की समाधि स्थली सीकर के दर्शन एवं वंदना के लिए मंगल विहार निरंतर जारी है। इसी क्रम में शनिवार शाम करीब 7 बजे आचार्य ससंघ का सुरेरा से मंगल विहार कर मंढा में भव्य मंगल प्रवेश हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ अगवानी कर धर्मलाभ प्राप्त किया। रविवार को आषाढ़ कृष्ण पंचमी के अवसर पर मंढा में आध्यात्मिक वातावरण के बीच आचार्य वर्धमान सागर, मुनि हितेंद्र सागर, आर्यिका दर्शनामति एवं आर्यिका निर्मोहमति ने विधिपूर्वक केशलोचन किया। इस अलौकिक तपस्या के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिलाओं ने वैराग्यमय भजनों की प्रस्तुतियां देकर केशलोचन तप की अनुमोदना कीए जिससे पूरा वातावरण भक्ति, वैराग्य और संयम की भावना से ओत-प्रोत हो गया।

डॉ. राजेश पंचोलिया एवं हितेश रारा ने जानकारी देते हुए बताया कि केशलोचन के पश्चात आयोजित धर्मसभा में भगवान मुनिसुव्रतनाथ की तस्वीर का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद विभिन्न धार्मिक सम्मान समारोह आयोजित हुए। रामगढ़ निवासी संजय कुमार पाटनी परिवार को आचार्य के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जबकि मंढा निवासी एवं वर्तमान में जयपुर प्रवासी सुरभि जैन पुत्री भागचंद जैन को शास्त्र भेंट करने का पुण्य अवसर मिला। केशलोचन अहंकार, ममत्व और मोह के त्याग का प्रतीक: आचार्य वर्धमान सागर धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य वर्धमान सागर ने कहा कि केशलोचन केवल बालों का त्याग नहीं, बल्कि अहंकार, ममत्व और मोह का त्याग है। जब तक मनुष्य अपने भीतर के राग-द्वेष को नहीं छोड़ता, तब तक आत्मा का वास्तविक कल्याण संभव नहीं है। तप वही सार्थक है जो आत्मा को निर्मल बनाए और संयम वही श्रेष्ठ है, जो हर परिस्थिति में समभाव बनाए रखे। शरीर नश्वर है, आत्मा शाश्वत है।




इसलिए शरीर की सजावट में नहीं, आत्मा की साधना में जीवन का वास्तविक सौंदर्य है। त्याग, अहिंसा और अपरिग्रह को जीवन में अपनाकर ही मोक्षमार्ग की ओर बढ़ा जा सकता है। संयम का मार्ग कठिन, लेकिन जीवन को श्रेष्ठ बनाता है : मुनि हितेंद्र सागर मुनि हितेंद्र सागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि केशलोचन हमें यह संदेश देता है कि जो वस्तु हमें आकर्षण और आसक्ति में बांधती है, उसे छोड़ने का साहस ही साधना है। संसार का सुख क्षणिक है, जबकि आत्मा का आनंद अनंत है।

संयम का मार्ग कठिन अवश्य है, लेकिन यही मार्ग जीवन को श्रेष्ठ बनाता है। तप केवल शरीर को कष्ट देना नहीं, बल्कि मन, वचन और काया को पवित्र बनाना है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में अहिंसा, क्षमा, त्याग और आत्मचिंतन को स्थान देए तो उसका जीवन भी धर्ममय और मंगलमय बन सकता है।

### केशलोचन दिगंबर साधु जीवन का मूल गुण रू आर्यिका महायशमति

संघ की आर्यिका महायशमति ने केशलोचन के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दिगंबर साधु-साध्वियों के लिए लगभग दो से चार माह के अंतराल में केशलोचन करना अनिवार्य होता है। यह दिगंबर साधु जीवन का मूल गुण है, जो राग, मोह और देह के प्रति ममत्व के त्याग का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने बताया कि केशलोचन के समय केवल राख का उपयोग किया जाता है। बालों को हाथों से उखाड़ने के पीछे अहिंसा और अपरिग्रह की भावना निहित है। यदि समय पर केशलोचन न किया जाए तो बालों में सूक्ष्म जीवों की उत्पत्ति की संभावना रहती है। दिगंबर साधु महाव्रती होने के कारण किसी भी बाहरी साधन का उपयोग नहीं करते। बाल सौंदर्य और आकर्षण का प्रतीक हैं, इसलिए उनका त्याग वैराग्य और आत्मसंयम का संदेश देता है। केशलोचन के दिन साधु.साध्वियां उपवास रखते हैं तथा इस तप की अनुमोदना और दर्शन से पुण्य एवं कर्म निर्जरा का लाभ प्राप्त होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे और सभी ने तपए त्याग एवं संयम की इस अद्भुत साधना की भावपूर्ण अनुमोदना की। कार्यक्रम में बाहर से पधारे हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया।

## जयपुर में सजा ब्यूटी पेजेंट का मंच 5 सितंबर को होगी खिताबी जंग

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मिस अर्थ इंडिया-2026 और मिस डिवाइन ब्यूटी-2026 के नेशनल ऑडिशन रविवार को जयपुर के अजमेर रोड स्थित डी सूरा क्लब में आयोजित किए गए। एलीट प्रोडक्शन हाउस के सहयोग से आयोजित ऑडिशन में देशभर से आई प्रतिभागियों ने व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, संचार कौशल और मंचीय प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। आयोजक दीपक अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2000 से आयोजित हो रही मिस अर्थ इंडिया प्रतियोगिता का यह 26वां सीजन है। इस प्रतियोगिता ने अनेक प्रतिभागियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि इसी ऑडिशन के माध्यम से मिस अर्थ इंडिया और मिस डिवाइन ब्यूटी के ग्रैंड फिनाले के लिए फाइनलिस्ट का चयन किया जा रहा है। प्रतिभागियों के लिए शॉर्ट्स और स्मार्ट टॉप का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था, ताकि उनके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास का बेहतर आकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य देशभर की उभरती प्रतिभाओं को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी पहचान बना सकें और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्राप्त करें। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 5 सितंबर को जयपुर में आयोजित होगा, जिसमें चयनित फाइनलिस्ट प्रतिष्ठित खिताबों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। ऑडिशन में जूरी सदस्य के रूप में मिस अर्थ इंडिया-2023 प्रियन सेन, इंटरनेशनल लग्जरी फैशन काउंसिल के एम्बेसडर साकेत मिश्रा और आदित्य कश्यप ने प्रतिभागियों का व्यक्तित्वए आत्मविश्वास, कम्युनिकेशन स्किल्स और ओवरऑल प्रेजेंस के आधार पर मूल्यांकन किया।

## दिगंबर जैन मंदिर में शिखरों पर विराजमान जिनबिम्बों का हुआ महाअभिषेक



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, एसएफएस राजावत फार्म का 36वां त्रिदिवसीय वार्षिक पाटोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उत्सव के दूसरे दिन, रविवार को पूरा मंदिर परिसर भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। प्रातः काल भगवान के अभिषेक और शांतिधारा के बाद, वर्ष में केवल एक बार होने वाले मंदिर के तीनों शिखरों में विराजमान जिनबिम्बों के महाअभिषेक का विशेष आयोजन किया गया, जिसे देखने और पुण्य अर्जित करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मंदिर समिति के मंत्री सोभाग मल जैन ने बताया कि रविवार सुबह मंत्रोच्चार के साथ विश्व में सुख, समृद्धि और अटूट शांति की कामना करते हुए वृहद शांतिधारा की गई। इस पावन क्रिया में श्रावकों को विशेष सौभाग्य प्राप्त हुआ। दोपहर साढ़े 12 बजे से भक्ति का माहौल और अधिक गहरा गया। आचार्य श्री विशद सागर महाराज द्वारा रचित आदिनाथ विधान पूजन का आयोजन किया गया। सांगानेर के पं. नवीन जैन, कैलाश चंद जैन और सुनील बज के सानिध्य में तथा संगीतकार जिनेंद्र जैन व बबिता जैन के सुमधुर भजनों की धुनों पर श्रद्धालुओं ने झूमते हुए पूजन संपन्न किया। विधान मंडल पर मुख्य पात्रों द्वारा भक्ति भाव से अर्घ्य समर्पित किए गए।

# उमस भरी गर्मी में राहत बनी जल सेवा परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों तक पहुंचाया पानी

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की एलडीसी भर्ती परीक्षा के दौरान रविवार को चिड़ावा में उमस भरी गर्मी ने हजारों अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों की परीक्षा ले ली। जिले में आयोजित परीक्षा के तहत चिड़ावा के 13 परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही गर्मी और उमस के कारण लोग परेशान नजर आए। खासकर दोपहर की तेज धूप और उमस ने हालात और अधिक कठिन बना दिए। पहली पारी की परीक्षा समाप्त होते ही परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थी पसीने से तरबतर और गर्मी से बेहाल दिखाई दिए। वहीं घंटों से बाहर इंतजार कर रहे अभिभावकों की भी हालत खराब हो गई। ऐसे समय में सामाजिक संगठन श्रीराम परिवार चिड़ावा ने मानवीय पहल करते हुए राहत पहुंचाने का जिम्मा उठाया। श्रीराम परिवार के सदस्य पवन शर्मा नवहाल के शॉर्ट नोटिस पर संगठन के सदस्य एकत्रित हुए और विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर पहुंचकर अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था की। सदस्यों ने स्वयं अभ्यर्थियों के बीच जाकर पानी वितरित किया, जिससे गर्मी से राहत मिली। सेवा कार्य की शुरुआत अड़ूकिया राजकीय विद्यालय से की गई। इसके बाद सेखसरिया कॉलेज और अंत में चिड़ावा कॉलेज के बाहर भी पेयजल वितरण किया गया। संगठन के सदस्यों ने लगातार अभ्यर्थियों और अभिभावकों को पानी उपलब्ध कराया। दूर-दराज से परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों ने इस सेवा कार्य की जमकर सराहना की। इस अनूठी जल सेवा में पवन शर्मा नवहाल, मनीष जांगिड़, अमित सैनी गोलू, सुनील शर्मा, समीर सिंह शेखावत, नितेश जांगिड़, शेरा शर्मा नरहड़, अमित चोटिया, डॉ. पवन योगी, देवेन्द्र वर्मा, मनोज शर्मा, अमित शर्मा, रजनीकान्त मिश्रा सहित परिवार के युवा पूरे समय सेवा में जुटे रहे।



## अर्हम फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 56 यूनिट रक्त संग्रहित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अर्हम फाउंडेशन की ओर से भगवान महावीर ब्लड बैंक के सहयोग से आदिनाथ कॉलोनी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। स्व. संजय बैराठी की जयंती पर आयोजित शिविर में युवाओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कुल 56 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने बताया कि संस्था का यह छठा रक्तदान शिविर था। उन्होंने कहा कि संस्था रक्तदान के साथ जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराने, वृक्षारोपण और पक्षियों के लिए परिंडा वितरण जैसे सामाजिक कार्य भी नियमित रूप से करती है। इस अवसर पर समाजसेविका राखी गंगवाल ने फाउंडेशन को एक इलेक्ट्रॉनिक बेड और व्हीलचेयर भेंट की। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा प्रमाण-पत्र और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में राजस्थान जैन युवा महासभा के अध्यक्ष प्रदीप जैन, राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन रेखा सांघी और सीमा जैन ने किया, जबकि अंत में अंजू बैराठी ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत निःशुल्क पौधों का वितरण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम गौसेवा परिवार समिति, मानसरोवर की ओर से रविवार को सांगानेर बस स्टैंड पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों को नीम, पीपल,तुलसी और आम सहित औषधीय एवं फलदार पौधे वितरित किए गए। समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र टेलर ने बताया कि समिति गौ सेवा, मानव सेवा और भोजन सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी लगातार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने लोगों से अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण और शुद्ध ऑक्सीजन का उपहार मिलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया तथा पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। इस दौरान हनुमान सहाय, राशिद भाई, प्रमोद शर्मा, रमेशचंद मेवाड़ा, विष्णु शर्मा, सुनील कुमावत, रामूदान चारण, सुरेंद्र बैरवा, कन्हैयालाल लुगरिया, अशोक प्रजापत, संजय कुमार मीणा, किशोरलाल, अग्रसेन और आजाद सहित समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190